वर्ष : 33 अंक : 27 पृष्ठ : 8 मुंबई, शनिवार, 13 अप्रैल 2024 RNI: MAHHIN/49994/91 मूल्य : 3 रुपए epaper.dobajedopahar.com संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## सोना पहली बार 73 हजार के पार

दोपहर संवाददाता । मुंबई



सोने की कीमत पहली बार 73 हजार रुपए प्रति दस ग्राम से ज्यादा हो गई है। शुक्रवार को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम सोना 1,351 रुपए महंगा होकर 73,174 रुपए का हो गया है। चांदी भी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। एक किलो चांदी का भाव 1,476 रुपए बढ़कर 83,819 रुपए हो गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है। इससे पहले बुधवार को भी सोने और चांदी के भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। बुधवार (10 अप्रैल) को सोने की कीमत 71,823 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 82,343 रुपए प्रति किलोग्राम थी। साल 2024 में अब तक सोने के दाम 9,872 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। वहीं, चांदी भी 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम थी। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम चांदी में निवेश करने की सलाह देते हैं और मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपए और उसके बाद 1 लाख रुपए पहुंच सकता है।

# नासिक-माढा सीट पर महायुति में फंसा पेंच

## प्रफुल्ल-अजित-तटकरे की बैठक रही बेनतीजा




अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र में महायुति की पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र के नासिक और माढा सीट को लेकर उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लगभग तीन घंटे की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकाला। अगली बैठक सीएम एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के साथ होने के आसार हैं। महाराष्ट्र लोकसभा की माढा और नासिक सीटों को लेकर शुक्रवार को एनसीपी अजित पवार ग्रुप ने पार्टी की एक बैठक उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के सरकारी आवास पर बुलाई थी। इस बैठक में प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार और सुनील तटकरे मौजूद थे। यह बैठक तीन घंटे चली थी।

### सुनील तटकरे ने क्या कहा ?

बैठक के बाद अजित पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र एनसीपी अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि कई विषयों पर चर्चा हुई। हमने एक बैठक की और नासिक और अन्य लोकसभा सीटों के बारे में आपस में चर्चा की।

### अब शिंदे और फडणवीस के बीच होगी बैठक

उन्होंने कहा कि इस समय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दौरे पर हैं, जब वे दोनों मुंबई वापस आएंगे, तो हम मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ बैठक करेंगे और इस पर निर्णय लेंगे। मतलब साफ है कि इन दोनों सीटों को लेकर एनसीपी उत्सुक है, लेकिन बीजेपी और शिंदे गुट की भी दावेदारी बनी हुई है इसलिए नतीजा नहीं निकल पा रहा है। प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार और सुनील तटकरे की बैठक अजित पवार गुट और बीजेपी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने को लेकर चर्चा हुई।

### पार्टियों के बीच समन्वय को लेकर हुई चर्चा

इस बैठक में दारिशील मोहिते की भूमिका पर भी चर्चा हुई है। दारिशील मोहिते ने कल बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था। वह शरद पवार गुट से माढा लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार बनने जा रहे हैं। वहीं, अजित पवार ने कार्यकर्ताओं को गठबंधन धर्म निभाने का आदेश दिया है। माधा लोकसभा की पृष्ठभूमि में अजीत दादा ने देवगिरि पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रामराजे निंबालकर, दीपक चव्हाण मौजूद थे। इसी पृष्ठभूमि में रणजीत सिंह निंबालकर और जयकुमार गोरे देवेंद्र फड़णवीस के साथ बैठक में पहुंचे थे। रणजीत सिंह निंबालकर और जयकुमार गोरे ने देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की है। रणजीतसिंह नाइक निंबालकर भाजपा के उम्मीदवार हैं।






### तीन सांसदों को हटाने के फैसले से शिंदे गुट के नेता परेशान

शिंदे गुट ने अपने मौजूदा सांसद भावना गवली (यवतमाल वाशिम), हेमंत पाटिल (हिंगोली) और कृपाल तुमाने (रामटेक) को हटाया है, जिससे शिवसेना नेता चिंतित हैं। वहीं, आशंका है कि पार्टी मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से संसद पहुंचे गजानन कीर्तिकर का भी टिकट काट सकती है। महाराष्ट्र की सात सीटों- रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, मुंबई दक्षिण, औरंगाबाद, नासिक, पालघर, ठाणे और सतारा के लिए एनडीए ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। बता दें, अविभाजित शिवसेना ने पिछली बार छह सीटें जीती थीं।

पेज 3 भी देखें

### शिवसेना में टिकट कटने से ज्यादा बेचैनी

सूत्रों के मुताबिक शिवसेना के कुछ टिकट दावेदारों ने अनिश्चितता के बावजूद अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। दरअसल, शिवसेना ने वर्तमान वाशिम से भावना गवली, हिंगोली से हेमंत पाटिल और रामटेक से कृपाल तुमाने जैसे मौजूदा सांसदों का टिकट काट दिया है। इसी तरह से पार्टी सूत्रों का कहना है कि मुंबई-नॉर्थ-वेस्ट से पार्टी सांसद गजानन कीर्तिकर को भी टिकट मिलने की संभावना कम है।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्च में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.85% हुई

**नई दिल्ली।** मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने में सबसे कम रही। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से खुदरा महंगाई दर में ये गिरावट देखी गई है। नेशनल स्टैटिकल ऑफिस (NSO) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की खुदरा महंगाई दर मार्च में घटकर 4.85% रही, इससे पहले जुन में यह दर 4.81% थी। खाद्य महंगाई दर 8.66% से घटकर 8.52% पर आ गई। ग्रामीण महंगाई दर 5.34% से बढ़कर 5.45% आ गई। शहरी महंगाई दर 4.78% से घटकर 4.14% पर आ गई।

### 'मनसे' का मोदी को समर्थन

**मुंबई।पुणे।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ महायुति सरकार को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा के बमुश्किल 72 घंटे बाद वह किनारे से अचानक मुख्य चुनावी मंच पर पहुंच गए। एमएनएस प्रमुख के चुनाव चिन्ह 'रेल इंजन' को बारामती से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की उम्मीदवार सुनेत्रा अजित पवार के नए पोस्टर में देखा गया है। इसके अलावा उनके बैनर, हैंडबिल और प्रचार सामग्री पर भी प्रमुखता से जगह दी गई है।

### अमोल कीर्तिकर के खिलाफ मैदान में वायकर

**मुंबई।** कभी ठाकरे के विश्वासपात्र रहे रवीन्द्र वायकर अमोल कीर्तिकर के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएम शिंदे ने शिंदे समूह से उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के लिए जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र वायकर की उम्मीदवारी को हरी झंडी दे दी है। एनसीपी के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा और चचेरी बहन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले के बीच होने वाली 'बड़े मुकाबले' को देखते हुए, बारामती पहले ही लोकसभा चुनावों के लिए सबसे दिलचस्प सीटों में जगह बना चुकी है।

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 32.0-29.0 | 69% |


सूर्यास्त शनिवार 06:55 बजे
सूर्योदय रविवार 06:22 बजे

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम का एक्शन

# घड़ी में छिपाया सोना, 4 तस्कर गिरफ्तार, 4.69 करोड़ का सोना जब्त

धीरज सिंह । मुंबई

कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने यात्रियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन यात्रियों से तलाशी के दौरान भारी मात्रा में सोना बरामद किया है। कस्टम विभाग ने कुल 7 किलो 94 ग्राम सोना बरामद किया। इस सोने की कीमत 4.69 करोड़ बताई जा रही है। यात्रियों ने ये सोना घड़ी, ट्रॉली बैग और अन्य जगहों पर छुपाया हुआ था। तस्करी के इस तरीके को देख कस्टम विभाग के अधिकारी भी हैरान हैं। जानकारी के अनुसार कस्टम विभाग ने 8 से 10 अप्रैल के बीच तस्करों से ये सोना बरामद किया है। तस्करी के इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करी के एक मामले में यात्री ने खुद ही विदेश से लाए सोने को एयरपोर्ट के स्टाफ को सौंप दिया।



### टॉयलेट में मिला था दो करोड़ का सोना

पिछले दिनों मुंबई एयरपोर्ट पर इसी तरह का मामला सामने आया था। जहां कस्टम विभाग ने मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट के टॉयलेट से 2 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत का गोल्ड जब्त किया था। इस मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार महिलाओं में दो फिलिपींस की हैं। उन्हें प्लेन के अंदर से पकड़ा गया, जबकि रूबीना शेख नामक महिला को एयरपोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया गया था। फिलिपींस की दोनों महिलाओं के पास भारत आने का कोई वीजा नहीं था। वह ट्रांजिट पैसेंजर थीं। उन्होंने एयरपोर्ट लाउंज में बने टॉयलेट में यह गोल्ड रख दिया था। रूबीना ने वहां से यह गोल्ड उठाया और स्टाफ टॉयलेट में इसे रख दिया था। वह बाद में एयरपोर्ट के बाहर लाकर इस गोल्ड को किसी गोल्ड तस्कर को देने वाली थी। बदले में उसे इस काम के 20 हजार रुपये मिलते। कस्टम ने खबर लिखे जाने तक उस तस्कर का नाम सार्वजनिक नहीं किया, जिसे यह गोल्ड दिया जाना था।

### चार माओवादियों को सुनाई कैद की सजा

**नई दिल्ली।** केरल पुलिस कर्मियों के खिलाफ धमकी, हमले और आगजनी के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने चार माओवादियों को कैद की सजा सुनाई है। एनआईए



की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान के मुताबिक वर्ष 2014 के इस मामले में अदालत ने इन सभी आरोपितों को 9 अप्रैल को सजा सुनाई थी। एनआईए की अदालत ने आरोपित रूपेश को 10 साल की कैद एवं 2.35 लाख रुपये जुर्माने, आरोपित कन्या कुमारी को 6 साल की कैद एवं 1.05 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है जबकि आरोपित अनूप को 8 साल की कैद एवं 60 हजार रुपये के जुर्माने एवं इब्राहिम को 6 साल की कैद और 40 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# डॉन दाऊद के भतीजे को कोर्ट ने किया बरी

### 2019 के इस मामले में था दोषी

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम के भतीजे और दो अन्य को बरी कर दिया। साल 2019 में इन सभी पर जबरन वसूली मामले में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था। विशेष न्यायाधीश बी डी शेल्के ने गैंगस्टर के भतीजे मोहम्मद रिजवान शेख इब्राहिम (कास्कर), अहमदराजा वधारिया और अशफाक तौलियावाला को बरी कर दिया। इन पर मकोका का धारा 120 (आपराधिक साजिश), 387 (जबरन वसूली के लिए लोगों को मौत या गंभीर चोट के डर से डराना) और संबंधित प्रावधानों के तहत आरोप लगाये गए थे। कोर्ट ने सभी को इन आरोपों से बरी कर दिया।

### बिल्डर को धमकी देने पर दर्ज हुआ था केस



एक बिल्डर को धमकी देने के आरोप में दाऊद के भतीजे सहित तीन लोगों के खिलाफ 2019 में मामला दर्ज किया गया था। बिल्डर, जिसका इलेक्ट्रॉनिक सामान आयात करने का भी व्यवसाय था, ने आरोप लगाया था कि उसके व्यापारिक साझेदार पर उसका 15 लाख रुपये बकाया है और जून 2019 में, उसे गिरोह के सदस्य फहीम मचमच के माध्यम से गैंगस्टर छोटा शकील की ओर से एक अंतरराष्ट्रीय कॉल प्राप्त हुई थी कि उसे भुगतान करने पर जोर दिया था। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि सभी आरोपियों के खिलाफ फोन कॉल रिकॉर्डिंग और सीडीआर सहित कई साक्ष्य मिले थे। इसमें कहा गया है कि टॉवेलवाला ने बाकी आरोपियों के साथ मिलकर इस अपराध का खुलासा करते हुए एक इकबालिया बयान भी दिया था।

### छोटा शकील ने दी थी फोन से धमकी

अभियोजन पक्ष के अनुसार, दाऊद के भतीजे रिजवान और अन्य आरोपियों, जो उसके प्रभाव में थे, ने बिल्डर को बकाया राशि वापस करने की धमकी दी। शकील और मचमच को मामले में वांछित आरोपी के रूप में दिखाया गया है और अदालत ने पुलिस को उनके खिलाफ एक अलग आरोप पत्र दायर करने का निर्देश दिया है। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे के दौरान 23 गवाहों से पूछताछ की और अदालत के समक्ष इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुत किए।

## मौसम की मार : मुंबईकरों को झेलनी होगी गर्मी

# तीन दिनों तक होगी झमाझम बारिश

मुनीब चौरसिया । मुंबई

देश में एक तरफ गर्मी अपना प्रकोप दिखा रही है वहीं महाराष्ट्र में बेमौसम बरसात से राज्य का मौसम लगातार बदल रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान (आईएमडी) ने अगले तीन दिनों तक महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई। आईएमडी की मानें तो राज्य के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी संभावनाएं हैं। वहीं मुंबई समेत कई जगहों पर भीषण गर्मी झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, विदर्भ, मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर आंधी के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है।

**विदर्भ, मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर आंधी के साथ बारिश जारी रहने की संभावना**



### महाराष्ट्र के इन शहरों में आईएमडी का अलर्ट

विदर्भ के कुछ जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट और मराठवाड़ा समेत मध्य महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। चंद्रपुर, गोंदिया, गढ़चिरौली में आंधी और ओलावृष्टि की आशंका है। तो वहीं हिंगोली, नांदेड़ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा जलगांव, नगर, सोलापुर, छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, धाराशिव, लातूर, परभणी, बुलढाना, अकोला, अमरावती, वाशिम, यवतमाल, नागपुर, भंडारा में तूफान की चेतावनी जारी की गई है।

### मुंबई में उमस भरी गर्मी

राजस्थान और गुजरात से आ रही गर्म हवाओं के कारण मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। जैसे ही ये गर्म हवाएं अरब सागर से महाराष्ट्र की ओर आ रही हैं, ये हवाएं अपने साथ काफी नमी लेकर आ रही है जिससे मुंबई और तटीय शहरों के लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सांताक्रूज में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अरब और भारतीय महासागरों में निम्न वायुदाब के कारण पानी की सतह का तापमान बढ़ जाता है, जिसके कारण मुंबई और कोंकण के तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है।

# कचरा फेंकने वालों की खैर नहीं...

## कचरा फेंकने पर एक हजार रुपए का वसूला जाएगा दंड

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगरपालिका ने नालों में कचरा फेंकने वालों से एक हजार रुपए का जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया है। प्लास्टिक में कचरा भरकर नालों में फेंकने से कचरा नाले के जल बहाव को बाधित कर देता है। इससे मानसून में बारिश के पानी की निकासी में परेशानी होती है। इसलिए, मानसून से पूर्व मनपा ने मुंबईकरों को आगाह किया है। मनपा कचरा फेंकनेवालों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी और क्लीनअप मार्शल की मदद लेगी। बारिश के पूर्व की जानेवाली नालेसफाई का काम मुंबई महानगरपालिका (मनपा) कर रही है।

**सीसीटीवी से रखेंगे नजर**



मनपा आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 31 मई तक नालों की सफाई का काम पूरा कर लें। 26 जुलाई 2005 को मुंबई में आई भीषण बाढ़ का प्रमुख कारण यह था कि नालों में फेंके गए प्लास्टिक, गद्दे, भंगार बेड, फ्रीज, कपाट के कारण पानी निकासी में दिक्कत हुई थी और शहर में तबाही मच गई।

### नाला किनारे क्लीनअप मार्शल होंगे तैनात

इस बार मनपा मुंबई के नालों के आसपास क्लीनअप मार्शल तैनात करने जा रही है। कचरा फेंकने वालों पर सीसीटीवी से भी नजर रखी जाएगी। जो भी कचरा फेंकते पाया जाएगा, उससे एक हजार रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा। मुंबई के स्लम इलाकों के नालों में सबसे ज्यादा प्लास्टिक की थैलियों कचरे के साथ बांधकर नाले में फेंक दी जाती हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए मनपा ने यह कदम उठाया है। मुंबई में 50 माइक्रोन से कम प्लास्टिक की थैलियों की बिक्री, उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# उद्धव ठाकरे और संजय राउत ने मुंबई लोकल में किया सफर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**





महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुंबई के लोकल का आनंद उठाया। इस दौरान उन्होंने पालघर से बोईसर से बांद्रा तक लोकल ट्रेन में सफर किया। दरअसल उद्धव ठाकरे की आज बोईसर में एक जनसभा थी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करने के बाद उद्धव ठाकरे लोकल ट्रेन में सवार होकर निकल पड़े। दरअसल देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी के बीच सीटों का बंटवारा भी हो चुका है। इसी कड़ी में अब चुनाव प्रचार का दौर शुरू हो चुका है जो अपने अंतिम पड़ाव में है। 7 चरणों में होने वाली वोटिंग के परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे। बता दें कि पहले चरण के लिए वोटिंग 19 अप्रैल को की जाएगी। वहीं 1 जून को सातवें चरण के लिए वोटिंग की जाएगी। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी और चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे। बता दें कि भाजपा और शिवसेना यूबीटी के बीच घमासान जारी है। साथ ही शिवसेना यूबीटी और शिवसेना एकनाथ शिंदे के बीच भी जुबानी जंग जारी है।

## भाजपा पर उद्धव ठाकरे ने साधा निशाना

इससे पहले उद्धव ठाकरे ने चुनावी बॉण्ड मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उसे ''भ्रष्ट जनता पार्टी' बताया और कहा कि उसका असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के 'मोदी का परिवार' अभियान को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'परिवार' का मतलब नहीं समझते क्योंकि उसके लिए 'परिवार की जिम्मेदारी लेनी पड़ती है।' ठाकरे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब कोविड-19 महामारी के दौरान मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने संकल्प लिया था कि 'मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी' है। आपके परिवार में केवल आप और आपकी कुर्सी है।'

## सहपाठी की पिटाई के लिए छात्र पर मुकदमा दर्ज

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में परीक्षा के दौरान मदद से इनकार करने को लेकर सहपाठी की पिटाई करने के आरोप में कॉलेज के एक छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 20 वर्षीय छात्र के खिलाफ नेरुल थाने में बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 324 (खतरनाक हथियार से स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 504 और अन्य प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने चार अप्रैल को परीक्षा के दौरान अपने सहपाठी से मदद करने को कहा था लेकिन पीड़ित ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। जुइनगर में स्थित कॉलेज परिसर से निकलते वक्त आरोपी ने सहपाठी की बेरहमी से पिटाई की।

# गैंगस्टर रवि पुजारी के गिरोह के छह लोग हुए बरी

## 16 साल तक चली सुनवाई

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक विशेष मकोका अदालत ने संगठित अपराध, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के एक मामले में 16 साल से अधिक समय की सुनवाई के बाद गैंगस्टर रवि पुजारी के गिरोह के छह लोगों को बरी कर दिया है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश ए.एन. सिरसीकर ने एक अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा है। अदालत के आदेश की कॉपी शुक्रवार को उपलब्ध हुई। इसी मामले में अदालत ने दो अन्य व्यक्तियों को भी बरी कर दिया। विशेष लोक अभियोजक संजय मोरे ने अदालत को बताया कि आरोपी ने सितंबर 2006 में नवी मुंबई में एक निर्माण कंपनी के कार्यालय में घुसकर पैसे की मांग की और लेखाकार को मारने का प्रयास किया था। बचाव पक्ष के वकील रामराव एस जगताप, पुनीत माहिमकर और प्रियंका भोसले ने आरोपों को खारिज किया। न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष के मामले में आरोपी की पहचान और स्पष्ट मकसद जैसी विसंगतियों का जिक्र किया।

## धैर्यशील मोहिते पाटिल ने पार्टी छोड़ी राकांपा (एसपी) में होंगे शामिल

**पुणे।** महाराष्ट्र के सोलापुर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को झटका देते हुए धैर्यशील मोहिते पाटिल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और उनके राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) में शामिल होने की संभावना है। सोलापुर जिले में भाजपा के महासचिव रहे मोहिते पाटिल ने 10 अप्रैल को लिखे एक पत्र में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा सौंप दिया। एक दिन पहले राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने घोषणा की थी कि मोहिते पाटिल उसकी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल की उपस्थिति में उनकी पार्टी में शामिल होंगे।

## महिला ने दो लोगों पर लगाया रेप का आरोप

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक महिला से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एपीएमसी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में 31 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि दो साल पहले उसके साथ बलात्कार किया गया था। वह एक मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर काम करती हैं। एक अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि खारघर की रहने वाली महिला ने बताया कि जून 2022 में तुर्भे इलाके के एक होटल में वह आरोपी विजय चौधरी उर्फ विरजीभाई महियाल और सद्दाम नामक व्यक्ति से मिली थी। उसने आरोप लगाया कि दोनों ने उसे कथित तौर पर नशीला पेय पदार्थ दिया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी के खिलाफ बलात्कार और अपराध करने के इरादे से किसी व्यक्ति को जहर या कोई हानिकारक पदार्थ देकर नुकसान पहुंचाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि गुजरात के बनासकांठा जिले के 45 वर्षीय महियाल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि सद्दाम की तलाश की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि महिला ने पुलिस के पास देर से इस मामले में शिकायत दर्ज कराने का कोई कारण नहीं बताया।

## शरद पवार गुट ने अमित शाह की आलोचना की

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि 'नकली राकांपा और नकली शिवसेना' का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठजोड़ है। राकांपा (पवार) के प्रवक्ता महेश तपासे की टिप्पणी अमित शाह द्वारा नांदेड़ में रैली के दौरान महा विकास आघाडी पर हमला बोलने के एक दिन बाद आई है। शाह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) एक ऐसा ऑटोरिक्शा है, जिसमें दूसरे वाहनों के कलपुर्जे लगे हैं और इसकी कोई दिशा तथा भविष्य नहीं है। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस शामिल हैं। उन्होंने कहा था, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली नकली शिवसेना है, शरद पवार की अगुवाई वाली नकली राकांपा है और आधी बची कांग्रेस है। तपासे ने पलटवार करते हुए कहा, 'अमित शाह हमें नकली कहने वाले कौन होते हैं? भाजपा ने राज्य सरकार में नकली नेताओं को शामिल किया है।' उन्होंने कहा कि भाजपा को चिंतित होना चाहिए, क्योंकि वह एकनाथ शिंदे और अजित पवार गुट के कार्यकर्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और वे अप्रसन्न हैं। उन्होंने शरद पवार के योगदान पर सवाल उठाने के लिए भी शाह की आलोचना की।

## नौसेना अध्यक्ष ने किया निरीक्षण




**मुंबई।** नौसेना अध्यक्ष (सीएनएस) एडमिरल आर हरि कुमार ने पश्चिमी नौसेना कमांड का दौरा किया और समुद्र में कमांड के जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन इकाइयों के कर्मियों के साथ बातचीत की और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौसैनिकों की प्रतिबद्धता की सराहना की। मुंबई में सीएनएस ने पश्चिमी नौसेना कमान के अधिकारियों और नौसैनिकों के साथ बातचीत की. बातचीत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बाहरी डब्ल्यूएनसी स्थानों के कर्मियों ने भी भाग लिया। उन्होंने नौसेना के संचालन, प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास, डिजिटलीकरण और अन्य परिवर्तन पहलों के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बातचीत के दौरान उठाए गए सुझावों और चिंताओं का समाधान किया गया। सीएनएस ने मुंबई में रक्षा नागरिकों के साथ भी बातचीत की। नौसेना अध्यक्ष ने कारवार नौसेना स्टेशन पर सीएनएस ने ओपीवी और बड़े सर्वेक्षण जहाजों को रखने में सक्षम 350 मीटर लंबे पियर 3, विवाहित अधिकारियों के लिए 80 फ्लैटों के दो टावर, एकल अधिकारियों के लिए 149 फ्लैट और रक्षा नागरिकों के लिए 360 फ्लैटों के छह टावरों का उद्घाटन किया।

## आईपीएल मैच टिकट के नाम पर ठगी

**मुंबई।** आईपीएल मैच का टिकट ऑनलाइन खरीदते समय सावधान रहें, साइबर क्रिमिनल क्रिकेट प्रेमियों के भावनाओं का लाभ उठाकर, फर्जी वेबसाइट के माध्यम से उन्हें ठगने का काम कर रहें है। मुंबई की बोरीवली पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक की शिकायत पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, आरोप है कि युवक से मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट मैच के टिकट उपलब्ध कराने के बहाने कथित तौर पर 1.52 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस के मुताबिक साइबर सेल की मदद से मामले की जांच चल रही है। पुलिस से मिली अनुसार, पीड़ित कॉलेज छात्र कृत गुप्ता और उसके दोस्त ने 14 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मैच देखने का फैसला किया था। गुप्ता ने ऑनलाइन टिकट खरीदने के लिए इंस्टाग्राम की एक वेबसाइट की लिंक पर संपर्क किया और टिकट की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की। एक जालसाज ने चार मोबाइल नंबरों से गुप्ता को जवाब देते हुए, उसे आईपीएल मैच का टिकट उपलब्ध होने का आश्वासन दिया और पैसे मांगे, इसके लिए ठगों ने एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया।

# पेड़ से टकरा कर पलटा दवाई से भरा ट्रक

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



महाराष्ट्र के ठाणे में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर शुक्रवार को सुबह सुबह एक बड़ा हादसा हुआ, हालांकि इसमें कोई जान की हानि नहीं हुई है। लेकिन आधा घंटे तक आवागमन प्रभावित रही। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे एक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर जा रहा एक दवाईयों से भरा ट्रक नागपुर से मुंबई की ओर जा रहा था। ट्रक में तकरीबन 10 टन दवाइयां थीं। अचानक से ट्रक चालक का नियंत्रण खोने से ट्रक पेड़ से टकरा कर पलट गया। ट्रक में भरी दवाईयां में भी हाईवे की सड़क पर फैल गईं। इसी दौरान सामने से आ रही कार ट्रक में जा घुसी। जिस कारण से हाईवे पर जाम लग गया। तकरीबन एक घंटे से ज्यादा यहां आवागमन प्रभावित रहा। नागरिक आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय दमकलकर्मी, आरडीएमसी टीम और स्थानीय पुलिस आदि मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ है, ट्रक चालक मौके से भाग खड़ा हुआ। वहीं कार में पांच लोग सवार थे। सभी को सुरक्षित निकाला गया। हालांकि एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा।

# जिजाऊ सामाजिक संगठन के अध्यक्ष निलेश सांबरे लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

- नामांकन दाखिल करने से पहले ही ढाई लाख वोटों से जीतने की घोषणा

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



सामाजिक शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था जिजाऊ एसोसिएशन के संस्थापक नीलेश सांबरे, जो पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवारी पाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन भिवंडी लोकसभा की सीट इंडिया के गठबंधन में महाविकस आघाड़ी के खाते में गई। जिससे निराश होकर निलेश सांबरे ने गुड़ी पाडवा के अवसर पर घोषणा की है कि वह भिवंडी लोकसभा सीट से जिजाऊ विकास पार्टी के नेतृत्व में निर्दलीय चुनाव लडेंगे।उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जिजाऊ सामाजिक संगठन के माध्यम से पिछले पंद्रह वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए पर्याप्त कार्य किया गया है। जिजाऊ संगठन के संस्थापक नीलेश सांबरे ने दावा किया है कि वह ढाई लाख वोटों के बहुमत से चुन कर आएंगे। नीलेश सांबरे ने यह वादा किया है कि वह इस निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य की समस्या और रेल सेवा में वृद्धि की कमी पर नजर रखते हुए लोगों के अन्य सभी जनता के मुद्दे पर एक जन सांसद के रूप में काम करेंगे। पिछले दिनों वंचित बहुजन आघाड़ी ने भी नीलेश सांबरे को अपना समर्थन घोषित किया है। भिवंडी कांग्रेस नेताओं की जो टीम निलेश सांबरे को कांग्रेस का टिकट दिलाने के लिए महाराष्ट्र से दिल्ली तक एडी चोटी का जोर लगा रखा था उन्हें घोर निराशा हुई और तगड़ा झटका भी लगा है।राजनीतिक गलियारों में गर्मागर्म चर्चा है कि वही टीम सांबरे को निर्दलीय चुनाव लड़ा कर उन्हें जिताने का आश्वासन देकर पीठ थपथपा रही है।यह भी चर्चा है कि कांग्रेस की नाराज एक टीम एनसीपी के उम्मीदवार सुरेश बाल्या मामा म्हात्रे को इस लोकसभा चुनाव में पटकनी देने की कोशिश में जुटे है।

# घरेलू गैस सिलेंडर से गैस चोरी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़

## तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता । डोंबिवली**

डोंबिवली मानपाड़ा पुलिस ने घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से गैस चोरी करने और उपभोक्ताओं को कम वजन वाले घरेलू सिलेंडर वितरित करने के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरोह चोरी की गैस को तुरंत व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में भरकर अवैध रूप से वाणिज्यिक सिलेंडर भी बेच रहा था। इस मामले में मानपाड़ा पुलिस ने जाल बिछाते हुए सुजय कदम, पप्पू मिश्रा, उत्तम बनकर को गिरफ्तार किया। इनके पास से 35 घरेलू सिलेंडर, 9 कमर्शियल सिलेंडर, इलेक्ट्रिक वजन कांटा, गैस भरने में इस्तेमाल होने वाले कंप्रेसर पिस्टन समेत कुल 44 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। घरेलू सिलेंडर से गैस चोरी के कई तरह के मामले पहले भी उजागर हो चुके हैं। मानपाड़ा पुलिस ने घरेलू सिलेंडर से गैस चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि विको नाका इलाके में एक गिरोह अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से गैस निकाल रहा है। मानपाडा के वरिष्ठ थानेदार विजय कदबाने ने इसकी जानकारी

## तीसरी बेगम मामला

## केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को निर्माता-निर्देशक के.सी.बोकाडिया की फिल्म 'तीसरी बेगम'को देख कर हलफनामा दाखिल करने निर्देश दिया है। सीबीएफसी ने फिल्म में हिंदू बीवियों दावा अत्याचारी पति की पीटाई करते हुए 'जय श्री राम' का उद्घोष करने पर आपत्ति जताई और फिल्म से उस सीन को हटाने को कहा है। बोकाडिया ने उस सीन को अपनी आस्था से जुड़ा बता कर उसे (सीन) निकालने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकलपीठ के समक्ष शुक्रवार को के.सी. बोकाडिया की ओर से वरिष्ठ वकील अशोक सरावगी और आनंद मिश्रा की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील सरावगी ने कहा कि यदि रामायण पर फिल्म बनाई जाती है, तो क्या उसमें से 'जय श्रीराम' के उद्घोष को निकाल दिया जाएगा?

# स्कूली छात्रों को नशीले पदार्थ बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । डोंबिवली**




डोंबिवली में स्कूली बच्चों को नशीला पदार्थ बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला के पास से 6 लाख रुपये नकद और 104 ग्राम ब्राउन शुगर भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार डोंबिवली में स्कूलों के पास ड्रग्स बेचने की गोपनीय जानकारी पुलिस को मिली थी।

इस जानकारी के बाद तिलक नगर पुलिस स्टेशन ने एक अलग टीम का गठन किया। यह टीम स्कूलों की छत से निगरानी कर रही थी। इसके बाद पुलिस ने सलमा नूर मोहम्मद शेख (65 साल) को गिरफ्तार किया है । डोंबिवली के सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुराडे ने बताया कि आरोपित महिला को ड्रग्स बेचने के आरोप में उसके आवास से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके घर से 6 लाख रुपये नकद और 104 ग्राम ब्राउन शुगर भी जब्त किया गया है। कुराडे ने बताया कि इस महिला को 2015 में भी ड्रग्स बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था लेकिन कुछ दिनों बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आने के बाद भी इस महिला ने फिर से ड्रग्स बेचना शुरू कर दिया था।

# भिवंडी लोकसभा: श्रीकांत शिंदे और चव्हाण से मुलाकात के बाद दूर हुई भिवंडी में शिवसेना पदाधिकारियों की नाराजगी

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी लोकसभा में शिवसेना पदाधिकारियों की नाराजगी आखिरकार दूर हो गई है। राज्य के लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण और सांसद श्रीकांत शिंदे ने असंतुष्ट पदाधिकारियों के साथ बैठक की। शिव सेना पदाधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में शिव सेना पदाधिकारियों की गलतफहमियों को दूर कर सहमति बनी। केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल को भिवंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मांग थी कि यह निर्वाचन क्षेत्र शिवसेना को दिया जाना चाहिए। इसी पृष्ठभूमि में डोंबिवली में राज्य के लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण और कल्याण लोकसभा सांसद श्रीकांत शिंदे ने भिवंडी लोकसभा में शिवसेना पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पिछले कुछ दिनों में हुई गलतफहमियों को दूर किया गया। इसके बाद, शिवसेना पदाधिकारियों ने आगामी लोकसभा चुनाव में महायुति उम्मीदवार को चुनने के लिए काम करने का फैसला किया है।

# आरबीआई में नौकरी लगवाने के नाम पर 27 लोगों से 2.2 करोड़ की ठगी

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में नौकरी दिलाने का वादा कर 27 लोगों से दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में नवी मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि ऐरोली के रहने वाले 41 वर्षीय सदानंद भोसले ने पीड़ितों को यह कह कर लुभाया कि वह उन्हें आरबीआई में सुरक्षा गार्ड के रूप में नौकरी दिलवा देगा। भोसले ने सितंबर 2020 से सितंबर 2021 के बीच उनसे कथित तौर पर 2.124 करोड़ रुपये लिये। उन्होंने बताया कि पीड़ितों को न तो वादे के मुताबिक नौकरी मिली और न ही उनके पैसे वापस मिले। सभी पीड़ितों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए खारघर पुलिस ने बृहस्पतिवार को भोसले पर भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत में पुलिस के पास देर से आने का कारण नहीं बताया गया है।

# 'तुषार गांधी का बयान संसदीय लोकतंत्र को नकारने वाला है'

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

## प्रकाश आंबेडकर का महात्मा गांधी के परपोते पर पलटवार



महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) की भूमिका की आलोचना करते हुए उसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'बी टीम' कहा है। इस पर अब प्रकाश आंबेडकर का बयान सामने आया है। उन्होंने तुषार गांधी पर पलटवार करते हुए उनके बयान को अत्यधिक बहिष्कार पूर्ण, समस्याग्रस्त और संसदीय लोकतंत्र को नकारने वाला करार दिया है। प्रकाश आंबेडकर ने एक्स पर तुषार गांधी को टैग करते हुए कहा, "आपका हालिया बयान न केवल अत्यधिक बहिष्कार पूर्ण और समस्याग्रस्त है, बल्कि यह संसदीय लोकतंत्र और स्वतंत्र राजनीतिक नेतृत्व के प्रयास को भी नकारता है, जो वर्ग, जाति और धर्म का बंधक नहीं है।" उन्होंने कहा, "अंग्रेजों के खिलाफ आपके दादाजी का आंदोलन समावेशी था लेकिन स्पष्ट रूप से आपके विचार और राजनीति समावेशी नहीं हैं। क्या आप नहीं जानते कि एमवीए ने वीबीए के साथ कैसा व्यवहार किया? क्या आप नहीं जानते कि उनकी राजनीति कितनी बहिष्कारवादी है? क्या आप एमवीए और भाजपा के नेताओं के बीच हुए समझौते को नहीं जानते? आंबेडकर ने आगे कहा, यदि आपकी राजनीतिक जानकारी अस्तित्वहीन है तो कृपया बकवास फैलाने और आधारहीन आरोप लगाने में अपना समय बर्बाद करने से बचें। समय सच्चाई बताएगा। दरअसल, संकेत पहले से ही मौजूद हैं। लेकिन लगता है आपने आंखें मूंद ली हैं। तुषार गांधी ने साम टीवी से बात करते हुए कहा, "भाजपा के गठबंधन को गद्दारों का गठबंधन कहा जाना चाहिए। इस गद्दार गठबंधन को हराने के लिए महा विकास अघाड़ी को जीतना होगा। इसके लिए एआईएमआईएम (असदुद्दीन ओवैसी) और वंचित बहुजन अघाड़ी को वोट न दें।" उन्होंने कहा, "चाहे हमारी दोस्ती कितनी भी अच्छी क्यों न हो, अब गलती को गलती कहने का समय आ गया है। जो गलती पहले की थी वही गलती दोबारा भी की जा सकती है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को बचाना है तो यह आखिरी मौका है।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** मेरा मानना है कि समय-समय पर थोड़ा विद्रोह अच्छी बात है : थॉमस जेफरसन

**न्यूज़ ब्रीफ**

## लोकसभा चुनावों के लिए 2 लाख 15 हजार 850 स्याही की बोतलों का इंतजाम




**मुंबई।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं की बाईं तर्जनी पर निशान लगाने के लिए लगभग 2 लाख 15 हजार 850 स्याही की बोतलों का इंतजाम किया है। राज्य चुनाव आयोग के माध्यम से इन स्याही की बोतलों का जिलेवार वितरण किया जाएगा।

राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य के 48 लोकसभा क्षेत्रों में 98 हजार 114 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए 2 स्याही की बोतलों के साथ 1 लाख 96 हजार 228 स्याही की बोतलों की आवश्यकता है। चुनाव आयोग की ओर से दस फीसदी अधिक अर्थात 2 लाख 15 हजार 850 स्याही की बोतलें मतदान सामग्री के साथ वितरित की जाएगी। इस साल के लोकसभा चुनाव में राज्य की 48 सीटों पर 9 करोड़ 24 लाख 91 हजार 806 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं की बाईं तर्जनी पर स्याही लगाने के लिए चुनाव आयोग के माध्यम से लगभग 2 लाख 15 हजार 850 स्याही की बोतलों की जरूरत है।

# HC ने सरकार को लगाई फटकार

## शहीद मेजर की विधवा को नहीं मिले पूर्व सैनिक नीति के तहत फायदे

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

भारतीय सेना के शहीद मेजर की पत्नी को कई साल बीतने के बाद भी पूर्व सैनिक नीति के तहत कोई सुविधा नहीं मिली है, जिस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट की जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस फिरदोश पूनीवाला की डिविजन बेंच ने आकृति सूद की याचिका पर सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार को फटकार भी लगाई।



### क्या है मामला

भारतीय सेना के मेजर अनुज सूद 2 मई, 2020 को जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हो गए थे। मेजर सूद को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। मेजर सूद की विधवा आकृति सूद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर महाराष्ट्र सरकार से पूर्व सैनिक नीति के तहत सुविधाएं देने की मांग की थी। महाराष्ट्र सरकार का कहना है कि वही लोग पूर्व सैनिक नीति के तहत फायदा पाने के अधिकारी हैं, जिनका जन्म या तो महाराष्ट्र में हुआ हो या फिर वो 15 साल से महाराष्ट्र के निवासी हों। शुक्रवार को राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि मेजर सूद महाराष्ट्र के निवासी नहीं थे। याचिका में आकृति सूद ने कहा कि मेजर अनुज सूद बीते 15 वर्षों से राज्य में रह रहे थे।

### हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

सरकार की तरफ से पेश हुए पीपी काकादे ने पीठ को बताया कि हमें इस मामले में नीति संबंधी फैसला लेना होगा और इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी की जरूरत होगी, लेकिन अभी कैबिनेट की बैठक नहीं हो रही है। इस पर पीठ ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि 'आप हर बार कोई न कोई कारण बता रहे हैं। ये ऐसा मामला है, जिसमें किसी ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया और आप ऐसा कर रहे हैं। हम इससे खुश नहीं हैं।' पीठ ने कहा कि 'क्योंकि ये विशेष मामला है, इसलिए हमने राज्य की सर्वोच्च अथॉरिटी (मुख्यमंत्री) को भी इस मामले पर प्राथमिकता से विचार करने और उचित फैसला लेने को कहा था। उन्हें इस पर फैसला लेना चाहिए था।

**धोखाधड़ी केस**

# हार्दिक पांड्या के सौतेले भाई वैभव की पुलिस कस्टडी बढ़ी





### मामले को बताया 'पारिवारिक', कोर्ट ने नहीं मानी दलील

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

क्रिकेटर हार्दिक और कुणाल पांड्या के सौतेले भाई वैभव पांड्या ने चार करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में अपनी गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में सफाई दी है। वैभव पांड्या ने शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत से कहा कि पूरा मामला पारिवारिक था और सिर्फ एक गलतफहमी थी। वैभव पंड्या (37) ने रिमांड पर सुनवाई के दौरान अपने वकील के माध्यम से यह दलील दी। पुलिस हिरासत 16 अप्रैल तक बढ़ा दी गई।

### 4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तारी

वैभव पांड्या को कथित तौर पर उनसे 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें सोमवार को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EoW) ने आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं के आरोप में हिरासत में लिया था।

### वैभव पांड्या ने कोर्ट में क्या दलील दी?

मुंबई की अदालत में सुनवाई के दौरान वैभव पांड्या के वकील निरंजन मुंदारगी ने कोर्ट को बताया कि यह एक पारिवारिक मामला है और इस मामले को गलतफहमी के कारण दायर किया गया है। वकील ने कहा कि मामले को सुलझाने का प्रयास जारी है। मुंदारगी ने आगे कहा कि उनका मुवक्किल जांच में सहयोग कर रहा है ।

### ईओडब्ल्यू का वैभव पांड्या पर शिकंजा

रिपोर्ट के मुताबिक, ईओडब्ल्यू ने यह दावा करते हुए सात दिनों की और रिमांड मांगी थी कि जांच पूरी नहीं हुई है और आरोपी से अभी तक महत्वपूर्ण जानकारी बरामद नहीं हुई है। मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि जांच एजेंसी ने जांच में प्रगति दिखाई है और इसकी जरूरत है। आरोपियों से पूछताछ के लिए अधिक समय दिया गया क्योंकि मामले से कई वित्तीय पहलू जुड़े हुए हैं।

# मुंबई पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी में गवांए गए 82.55 लाख किए बरामद

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

पुलिस ने दक्षिण मुंबई स्थित एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय स्कूल के साइबर धोखाधड़ी का शिकार होकर गवांए गए 82.55 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। इस धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए 'मैन-इन-द-मिडिल' साइबर हमले की रणनीति अपनाई गई थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'मैन इन द मिडल' (एमआईटीएम) वह रणनीति है जिसमें हमलावर गुप्त रूप से दो पक्षों के बीच संदेशों को रोकता है और उन्हें अपने अनुसार प्रसारित करता है। इस दौरान पीड़ितों को यह लगता है कि वे ही एक-दूसरे के साथ संपर्क में हैं और बातचीत कर रहे हैं जबकि वास्तव में यह काम साइबर अपराधी करता है।

### घटना 23 फरवरी से 16 मार्च के बीच हुई



मुंबई पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि घटना 23 फरवरी से 16 मार्च के बीच हुई। स्कूल ने कैफेटेरिया बनाने के लिए सामग्री खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसके लिए सकूल ने संयुक्त अरब अमीरात स्थित एक फर्म से समझौता किया था। फर्म ने समझौते के तहत अपने बैंक विवरण भेजे।' उन्होंने बताया "एक अज्ञात व्यक्ति ने एक समान ईमेल आईडी बनाई और अमेरिका स्थित एक बैंक का विवरण स्कूल को भेज दिया। स्कूल ने समझा कि यह ईमेल यूएई की फर्म से भेजा गया है। इसके बाद स्कूल ने 87 .26 लाख रुपये ठग द्वारा दिए गए बैंक खाते में भेज दिए। जल्द ही स्कूल को एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है, जिसके बाद स्कूल ने मध्य क्षेत्र साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।'

अधिकारी ने कहा कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क किया गया। इसके बाद 82 .55 लाख रुपये की वसूली हुई।

# तीन सांसदों को हटाने के फैसले से शिंदे गुट के नेता परेशान

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है लेकिन अभी तक महाराष्ट्र में एनडीए में शामिल पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। शिवसेना के फैसले के कारण शिवसैनिकों में बेचैनी बढ़ गई है। गौरतलब है कि शिंदे गुट की हाल ही में फैसला किया है कि वे अपने तीन मौजूदा सांसदों को हटा देगी। तमाम खींचतान के बावजूद लोकसभा उम्मीदवार अपने क्षेत्रों में प्रचार कर रहे हैं।



### गजानन कीर्तिकर का भी कट सकता है टिकट

पार्टी सूत्रों की मानें तो शिंदे गुट ने अपने मौजूदा सांसद भावना गवली (यवतमाल वाशिम), हेमंत पाटिल (हिंगोली) और कृपाल तुमाने (रामटेक) को हटाया है, जिससे शिवसेना नेता चिंतित हैं। वहीं, आशंका है कि पार्टी मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से संसद पहुंचे गजानन कीर्तिकर का भी टिकट काट सकती है। महाराष्ट्र की सात सीटों- रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, मुंबई दक्षिण, औरंगाबाद, नासिक, पालघर, ठाणे और सतारा के लिए एनडीए ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। बता दें, अविभाजित शिवसेना ने पिछली बार छह सीटें जीतीं थीं।

### ठाणे, कल्याण और नासिक सीट का यह है हाल

सूत्रों के अनुसार, भाजपा ठाणे या कल्याण सीट चाह रही थी, जिसका प्रतिनिधित्व फिलहाल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे कर रहे हैं और हाल ही में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल्याण से श्रीकांत के उम्मीदवारी की घोषणा की। वहीं, ठाणे सीएम शिंदे का गढ़ है तो इसकी संभावना कम है कि ठाणे भाजपा के पास चला जाए। वहीं, नासिक सीट पर भी खींचतान जारी है। यहां दो बार के सांसद हेमंत गोडसे ने प्रचार भी शुरू कर दिया है। वह भी तब, जब यह सीट कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल को देने के के लिए एनसीपी प्रयास कर रही है।

### इन सीटों का देखें हाल

इसके अलावा, शिवसेना ने रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद विनायक राउत को दोबारा उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के लिए सीट का दावा कर रही है। कैबिनेट मंत्री उदय सामंत के बड़े भाई किरण सामंत भी इसी सीट के लिए दावेदारी कर रहे हैं और उन्होंने चुनाव के लिए प्रचार भी शुरू कर दिया है। दक्षिण मुंबई सीट के लिए भी भाजपा और शिवसेना में खींचतान हो रही है। भाजपा नेता और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने भी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। शिवसेना के राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा भी इसी सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। शिवेसना नेता यामिनि जाधव के पति यशवंत जाधव भी यहीं से दावेदारी कर रहे हैं। यही खींचतान औरंगाबाद और पालघर लोकसभा क्षेत्र में भी है।

# नई इमारत की भूमि की उपलब्धता का पता लगाने का निर्देश

### 25 जून को मामले की अगली सुनवाई

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से नए हाई कोर्ट इमारत के लिए गोरेगांव में जमीन की उपलब्धता देखने का निर्देश दिया है। अदालत ने टिप्पणी की कि यह केवल मेरी ओर से एक सोच है, हम गोरेगांव में खाली जमीन की उपलब्धता का पता लगा सकते हैं। इस गति से हम 2031 तक हाई कोर्ट की इमारत तैयार कर लेंगे। मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति एएस डॉक्टर की खंडपीठ के समक्ष शुक्रवार को वकील अहमद आब्दी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने कहा कि हम राज्य सरकार को बांद्रा में वर्तमान परियोजना (हाई कोर्ट इमारत) को महत्व की सार्वजनिक परियोजना घोषित करने से नहीं रोकेंगे। हालांकि सरकार बांद्रा (पूर्व) में 44 एकड़ के आवंटित भूखंड पर तब तक कोई भी निर्णय न ले, जब तक कि हम नए अदालत परिसर पर कोई रुख अपना नहीं लेते हैं। अदालत ने सरकार से गोरेगांव की भूमि पर विचार करने का आग्रह किया, खासकर अगर प्रस्तावित कोस्टल रोड के माध्यम से उस तक (हाई कोर्ट की नई इमारत) पहुंचा जा सकता है।



### सरकार ने अदालत में दाखिल किया हलफनामा

अदालत ने कहा कि बांद्रा में आवंटित भूमि को खाली नहीं कराया जा सका है। ऐसे में सरकार उस क्षेत्र का एक मोटा स्केच प्रदान करे, जहां से प्रस्तावित कोस्टल रोड के माध्यम से गोरेगांव में नई इमारत बनाए जाने पर उस तक पहुंच को दर्शाती हो। सरकार ने अदालत में हलफनामा दाखिल कर कहा कि प्रस्तावित नई हाई कोर्ट इमारत की भूमि दक्षिण कोरिया गणराज्य के आर्थिक विकास सहयोग कोष (ईडीसीएच) की सहायता से बांद्रा में 89 एकड़ से अधिक भूमि के पुनर्विकास के एक विशेष परियोजना का हिस्सा है। बांद्रा में नई हाई कोर्ट इमारत के लिए निर्धारित 30 .16 एकड़ भूमि में से 13 .73 एकड़ का एक हिस्सा मार्च 2025 तक उपलब्ध होने की उम्मीद है। खंडपीठ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट इमारत के लिए 100 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस पर बीरेंद्र सराफ ने कहा कि मुंबई में जमीन की कीमत और उपलब्धता की तुलना छत्तीसगढ़ से नहीं की जा सकती। गोरेगांव में एक खाली 300 एकड़ का भूखंड उपलब्ध था, लेकिन उस भूमि का एक बड़ा हिस्सा अब एमएनएलयू को आवंटित किया गया है, क्योंकि हाई कोर्ट ने वहां जल्द पहुंचने के मुद्दों के कारण उस भूमि को खारिज कर दिया था।

# काजी समिति की रिपोर्ट दो साल बाद भी विचाराधीन

## निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए बनी थी समिति

**मुंबई।** दादर स्थित इंटरनेशल स्कूल में बच्चे को दाखिला दिलाने के बाद संदेश माली (बदला हुआ नाम) को लग रहा था कि अब सबकुछ ठीक हो गया है। लेकिन कुछ दिनों पहले जब स्कूल ने उन्हें बताया कि उन्हें इस साल 14 फीसदी ज्यादा फीस देनी होगी तो वे परेशान हो गए। उन्होंने बताया कि जूनियर केजी में पढ़ने वाले बच्चे के लिए पिछले साल मैंने 75 हजार 500 रुपए भरे थे, लेकिन इस साल 86 हजार भरने को कहा जा रहा है। वे अकेले नहीं है, राज्य के निजी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले लाखों अभिभावकों का यही हाल है क्योंकि राज्य सरकार करीब दो वर्षों से निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने का सुझाव देने वाली काजी समिति की रिपोर्ट दबाकर बैठी हुई है और निजी स्कूलों को मनमाने तरीके से फीस वसूलने की छूट मिली हुई है। महाराष्ट्र राज्य विद्यार्थी पालक शिक्षक महासंघ के मुंबई अध्यक्ष नितीन दलवी ने आरटीआई के तहत काजी समिति की रिपोर्ट के बाद उठाए गए कदम की जानकारी मांगी तो जवाब में बताया गया कि समिति के सुझावों को विचार के लिए विधि व न्याय विभाग के पास भेजा गया है।



# शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस में मुंबई नॉर्थ सीट को लेकर टकराव

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक और घटनाक्रम में शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई नॉर्थ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है, जबकि अब यह सीट कांग्रेस को दी जा चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा, ₹अगर हमें यह सीट आवंटित की गई, तो हम यहां से चुनाव लड़ेंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा प्रत्याशी यहां जरूर जीत का परचम लहराएगा।₹ इसके साथ ही, शिवसेना (यूबीटी) के विनोद घोसालकर ने नॉर्थ मुंबई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है और यह विश्वास भी जताया कि वो भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पीयूष गोयल को पराजित करने में सफल होंगे।



### यहां मेरा आधार मजबूत: घोसालकर

घोसालकर ने कहा, ₹सवाल यह नहीं है कि मेरा विरोधी या प्रतिद्वंदी कौन है? जमीनी हकीकत यह है कि यहां मेरा आधार मजबूत है और यहां जनता का समर्थन मुझे प्राप्त है। लोग शिवसेना (यूबीटी) के प्रत्याशी को चुनावी मैदान में देखने के लिए आतुर हैं। फरवरी में यहां के लोग मेरे बेटे की हत्या से स्तब्ध थे। राऊत और घोसालकर के दावे से शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच टकराव बढ़ सकता है।


# 400 करोड़ का बैंक फ्रॉड

### कॉक्स एंड किंग्स कंपनी के मालिक का करीबी गिरफ्तार

### यूरोप में संभालता था बिजनेस

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने यस बैंक से जुड़े 400 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी कॉक्स एंड किंग्स के मालिक का करीबी सहयोगी है। एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश नागरिक 67 वर्षीय अजीत मेनन मंगलवार को लंदन से आने के बाद केरल के कोचीन हवाई अड्डे पर मौजूद था। मुंबई पुलिस को जब खबर लगी तो तुरंत टीम मौके पर पहुंची और अजीत मेनन को पकड़ लिया। एजेंसी के अनुसार, कोचीन एयरपोर्ट पर पकड़े गए आरोपी अजीत मेनन के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है। मेनन को गुरुवार सुबह मुंबई लाया गया और यहां कोर्ट में पेश किया गया। जहां मेनन को 15 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।




### क्या है मामला ?

मेनन कॉक्स एंड किंग्स नाम की ट्रेवल कंपनी के मालिक अजय पीटर केरकर का करीबी सहयोगी रहा है। 400 करोड़ रुपये के यस बैंक धोखाधड़ी मामले में जांच के दौरान मेनन ईओडब्ल्यू की रडार पर आए थे। इस मामले में बैंक से कर्ज लेने के बाद पैसों की हेराफेरी करने का आरोप है। यस बैंक से जिस काम के लिए कर्ज लिया गया था, वह नहीं किया गया। ईओडब्ल्यू ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि मेनन यूरोप में कंपनी के संचालन की देखभाल करता था। उसने बैंक से कर्ज लेने के बाद उसी राशि से 56 करोड़ रुपये यूके में स्थित कंपनी को ट्रांसफर कर दिए थे। ईओडब्ल्यू ने साल 2021 में यस बैंक से 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में टूर एंड ट्रैवल कंपनी कॉक्स एंड किंग्स की सहयोगी कंपनी कॉक्स एंड किंग्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खिलाफ केस दर्ज किया था। कॉक्स एंड किंग्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड फॉरेन एक्सचेंज बिजनेस, होलीडे फाइनेंशियल, स्टूडेंट लोन और अन्य नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस देती थी। ईओडब्ल्यू ने एफआईआर में कंपनी के मालिक केरकर, उनकी पत्नी, मेनन और अन्य लोगों को आरोपी बनाया था।

संपादकीय

# पर्यावरणीय जवाबदेही

अ यह जानते हुए भी कि प्रकृति के साथ इंसानी क्रूरता से उपजे ग्लोबल वार्मिंग संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है, हमारी सरकारें इस गंभीर चुनौती के मुकाबले को लेकर उदासीन नजर आती हैं। आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। निस्संदेह फैसला पूरे यूरोप के लिये एक नजीर होनी चाहिए। यह फैसला बताता है कि जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। तमाम अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य शृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये-नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला पूरे विश्व के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जीवन रक्षा को हमारे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा था। कोर्ट ने माना था कि जलवायु परिवर्तन का असर सीधा जीवन के अधिकार पर पड़ता है। अदालत ने एक फैसले में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिये नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला यूरोपीय व अमेरिकी देशों की जलवायु नीतियों को भी नया आकार प्रदान करने में सहायक होगा। यह फैसला जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों के अंतर्संबंध को प्रदर्शित करते हुए बताता है कि पर्यावरणीय संकट के कारण हाशिये पर आने वाले समुदायों को तत्काल संरक्षण प्रदान करने की जरूरत है। पर्यावरण के स्तर पर उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियां समाज में हाशिये पर रहने वाले समाजों को असंगत रूप से प्रभावित करती हैं। साथ ही सामाजिक असमानता को बढ़ाती हैं। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जनजातियों के सामने भोजन व पानी का संकट पैदा हो रहा है। इन उपेक्षित समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। निश्चित रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन से जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में खासी मदद मिल सकती है। वैकल्पिक ऊर्जा का प्रयोग न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करता है बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिये स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता को भी बढ़ावा देता है। निश्चित रूप जलवायु परिवर्तन प्रभावों पर अदालत का फैसला एक आदर्श बदलाव का संकेत भी है। जो जलवायु बदलावों के प्रभावों से निपटने तथा भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा के लिये सरकारों को जवाबदेह बनाता है।

शख्सियत | रितु करिधल

## चंद्रयान -3 मिशन के पीछे की अग्रणी महिला



रितु करिधल श्रीवास्तव एक भारतीय वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर हैं जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्यरत हैं। वह भारत के मंगल कक्षीय मिशन, मंगलयान की उप संचालन निदेशक थीं। उन्हें भारत की कई ऱॉकेट महिलाओंऱ में से एक कहा जाता है।

रितु करिधल, जिनका जन्म 13 अप्रैल 1973 को लखनऊ, भारत में हुआ था। वह एक प्रमुख भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक हैं जिन्हें भारत के अंतरिक्ष अभियानों, विशेष रूप से मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। करिधल ने खड़गपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की और बाद में बैंगलोर में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। रितु करिधल 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने भारत के मार्स ऑर्बिटर मिशन, मंगलयान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें यान की आगे की स्वायत्तता प्रणाली का विवरण और निष्पादन शामिल था।वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। मंगलयान इसरो की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक था। इसने भारत को मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बना दिया। यह 18 महीने के समय में और करदाताओं की बहुत कम लागत पर किया गया - केवल 450 करोड़। उनका काम यान की आगे की स्वायत्तता प्रणाली की अवधारणा बनाना और उसे क्रियान्वित करना था, जो अंतरिक्ष में उपग्रह के कार्यों को स्वतंत्र रूप से संचालित करती थी और खराबी पर उचित प्रतिक्रिया देती थी। उन्होंने मिशन निदेशक के रूप में चंद्रयान 2 मिशन का पर्यवेक्षण किया। जब यूनाइटेड किंगडम ने 2021 में G7 की अध्यक्षता संभाली, तो कारिधल को देश की महिला और समानता मंत्री लिज़ ट्रस द्वारा सारा सैंड्स की अध्यक्षता में नवगठित लैंगिक समानता सलाहकार परिषद (GEAC) में नियुक्त किया गया था। फिर 2023 में, भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के लिए चंद्रयान-3 मिशन शुरू किया और अंततः भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बन गया। रितु करिधल ने भी इसी मिशन पर काम किया और भारत को इस बड़ी सफलता तक पहुंचाया।

# खिलौनों के वैश्विक बाज़ार में भारतीय दस्तक



जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग नई ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई खरीदार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीदारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खासतौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतर्राष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं। अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है। लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगें लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं।सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है, और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गई हैं, जिनमें द इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014-15 के बाद से लगातार वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट तक में सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की रणनीतिक पहल की है। सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना बाजार में बड़ी भूमिका निभाने हेतु खिलौना उद्यमियों को प्रेरित किया गया है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत सरकार की नीतिगत पहलों के साथ-साथ घरेलू निर्माताओं के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि देश का खिलौना उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन अभी भी देश के खिलौना सेक्टर को चमकीली ऊंचाई देने के लिए खिलौना क्षेत्र के तहत एक लम्बे समय से चल आ रही कई बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। भारतीय खिलौना उद्योग में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कार्ययोजना की जरूरत है। खिलौना उद्योग के विकास से संबंधित विभिन्न एजेंसियों के बीच उपयुक्त तालमेल बनाया जाना जरूरी है। देश में चीन की तरह खिलौने के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) को आकार देने की जरूरत है। अभी खिलौनों पर जीएसटी की दर में कटौती की जानी चाहिए। जिससे खिलौनों की कीमत में और कमी आएगी। अधिकांश भारतीय खिलौने ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए, ताकि घरेलू खिलौनों की बिक्री को और बढ़ाया सके। यह भी जरूरी है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित की गई पारंपरिक और यांत्रिक खिलौनों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शीघ्र शुरू की जाए। देश में सुगठित खिलौना प्रशिक्षण और डिजाइन संस्थान की स्थापना को मूर्तरूप देना होगा। इसके अलावा खिलौना उद्योग के लिए बैंकों से ऋण तथा वित्तीय सहायता संबंधी बाधाओं को दूर करना होगा। खिलौनों के अधिक निर्यात से अधिक विदेशी मुद्रा की कमाई की जा सकेगी। साथ ही खिलौना उद्योग में रोजगार के मौके देश के कोने-कोने में और तेजी से बढ़ेंगे।

# सारा काम चैतन्य का है



आपके बीच में भी ऐसे लोग बैठे हुए हैं, जो पढ़े लिखे हैं, देवता स्वरूप है, यह लोग वन्दनीय है, यही देवता हैं, इन्हीं को देवता कहना चाहिए जिनका Rebirth हुआ है, बेकार की बातें करने वाले लोगों से झगड़ा करने की किसी को भी कोई जरूरत नहीं।


उस पर उनका चित्त मेरा लड़का जो है वो ठीक हो जाए, मेरे बच्चे जो है वो ठीक हो जाएं, मेरा पति जो है वो ठीक हो जाए! फिर कोई कहेगा, वो मेरे पैसे का मामला है ठीक हो जाए! चित्त कहां है? अब आप Realized हो गए तो भी चित्त वही है जिसे आप छोड़कर आए हैं। जिसने चैतन्य पर चित्त रखा है वो बहुत ऊंचा उठ गया है। आपके बीच में भी ऐसे लोग बैठे हुए हैं, जो पढ़े लिखे हैं, देवता स्वरूप है, यह लोग वन्दनीय है, यही देवता हैं, इन्हीं को देवता कहना चाहिए जिनका Rebirth हुआ है, बेकार की बातें करने वाले लोगों से झगड़ा करने की किसी को भी कोई जरूरत नहीं। जिनको आना हो आए नहीं आना है नहीं आए। उनसे झगड़ा करने की इस पर बाद विवाद करने का समय है ही नहीं क्योंकि वो लोग वाद-विवाद ही करते रहेंगे। आदि शंकराचार्य ने भी कहा था न कि निम्न कोटि के लोग, उनको तो ठीक है वो अपना किसी तरह से अपने मन को अनुशासित करें और किसी तरह से अच्छे से रहें, चोरी चकारी से बचें एक अच्छे सामाजिक घटक बन कर रहें किन्तु परम को पाने वाले लोग परम की ओर दृष्टि रखने वाले लोग, ऐसी चीजों से सन्तुष्ट होने वाले नहीं। जब तक परम आपने पाया नहीं आप को मेरे ऊपर भी बिल्कुल विश्वास नहीं करना चाहिए। इस ढकोसलेबाजी की बिल्कुल जरूरत नहीं किसी भी चीज आपको कोई भी बताए आप कुछ विश्वास न करके पहले अपने अन्दर पा लीजिए तभी आप मेरे ऊपर भी उपकार करेंगे। यहां कोई बाजार खोलना नहीं है, पैसा कमाना नहीं है, माल कमाना नहीं है। सिर्फ मुझे यहां मनुष्य का परिवर्तन करने का है। इस जन्म में नहीं हुआ तो अगले जन्म में देख लेंगे, तो हमें 1 अनन्त में ही रहने की आदत सी है। लेकिन अब भी Energy इस्तेमाल करते हैं, वो गर अति इस्तेमाल हो तो कैंसर जैसा रोग हो जाता है और जिस तरफ में Super Ego होता है वो ज्यादा इस्तेमाल हो तो पागलपन आ जाता है। हम किसी को ठीक ठाक नहीं करते हैं। यह भी कहना कि हम बीमारियों ठीक करते हैं एक तरह से गलत ही बात है क्योंकि वो तो Para Sympathetic Nervous System जो कि इन दोनों ही System को ठण्डा कर देती है। अपने आप ही मनुष्य जो है वो ठीक हो जाता है। गर कोई पागलपन होगा, तो वो भी ठीक हो जाएगा और कोई गर आपके अन्दर में Over Activity से कैंसर जैसा रोग होगा, तो वो भी ठीक हो जाएगा। कैंसर का इलाज सिर्फ सहज योग है और कोई उसका इलाज संसार में नहीं है यह बात सिद्ध हो जाएगी। हम जानते हैं थोड़े से ही दिन में यह बात सिद्ध हो जाएगी और हमने बहुतों का इलाज भी जो किया है कैंसर का वो भी लोग यहां बैठे हुए हैं, वो भी बता सकते हैं। तो भी, एक बात पहले और शुरू से ही कह रही हूं कि चित्त हमारा कहां है? चित्त क्या उस कैंसर पे है जो इस शरीर को जर्जर किए हुए हैं जो कि जड़ है? हमारा चित्त गर चैतन्य पर है तो अन्य की बात सोचनी चाहिए।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | थॉमस जेफरसनः जन्म 13 अप्रैल 1743 | जन्म

## ईमानदारी ज्ञान की किताब का पहला अध्याय है

थॉमस जेफरसन एक अमेरिकी राजनेता, राजनयिक, वकील, वास्तुकार और दार्शनिक थे। उन्होंने 1801 से 1809 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। जेफरसन को स्वतंत्रता की घोषणा का मसौदा तैयार करने और लोकतंत्र, व्यक्तिगत अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की वकालत के लिए जाना जाता है। उन्होंने वर्जीनिया विश्वविद्यालय की भी स्थापना की। थॉमस जेफरसन का जन्म 13 अप्रैल 1743 को हुआ था और उनका निधन 4 जुलाई 1826 को हुआ था।



मैं किताबों के बिना नहीं रह सकता। क्या आप जानना चाहते हैं कि आप कौन हैं? मत पूछो। कार्यकरो! कार्य तुम्हें चित्रित और परिभाषित करेगा। ईमानदारीज्ञान की किताब का पहला अध्याय है। स्वतंत्रता केपेड़ को समय-समय पर देशभक्तों और अत्याचारियों के खून से ताजा किया जाना चाहिए। मैं भाग्य में बहुत विश्वास रखता हूँ, और मुझे लगता हैकि मैं जितनी अधिक मेहनत करता हूँ उतना ही अधिक मुझे भाग्य मिलता है। स्वतंत्रता की कीमत शाश्वत सतर्कता है। मुझेअतीत के इतिहास की तुलना में भविष्य के सपने अधिक अच्छे लगते हैं। स्टाइल के मामले में, धारा के साथ तैरें; सिद्धांतके मामले में, चट्टान की तरह खड़े रहें।जब भी आप कोई काम करें तो ऐसे व्यवहार करें जैसे कि सारी दुनिया देखरही हो। मैंबहुत अधिक स्वतंत्रता में शामिल होने वाली असुविधाओं का सामना करना पसंद करूंगाबजाय इसके कि बहुत कम स्वतंत्रता में भाग लेने वालों के सामने। सरकार के प्रतिप्रतिरोध की भावना कुछ अवसरों पर इतनी मूल्यवान होती है कि मैं चाहता हूं कि इसेहमेशा जीवित रखा जाए। सभीप्रतिभाओं में सबसे मूल्यवान यह है कि जब कोई काम करे तो कभी भी दो शब्दों काप्रयोग न करें। कभीभी अपना पैसा कमाने से पहले खर्च न करें। मेरा मानना है कि समय-समय पर थोड़ा विद्रोह अच्छी बात है। पूरी जनता कोशिक्षित और सूचित करें... वे हमारी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एकमात्र निश्चितनिर्भरता हैं। मैंभाग्य में बहुत विश्वास रखता हूं, और मुझे लगता है कि मैं जितनी अधिकमेहनत करता हूँ, उतना ही अधिक मुझे मिलता है। यदि आप कुछ ऐसाचाहते हैं जो आपके पास कभी नहीं है, तो आपको कुछ ऐसा करने के लिए तैयाररहना चाहिए जो आपने कभी नहीं किया है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## महाभारत के ये नौ सार जीवन में हैं उपयोगी

यदि महाभारत को पढ़ने का समय न हो तो भी इसके नौ सार-सूत्र हमारे जीवन में उपयोगी सिद्ध हो सकते है, जरूर पढ़ें...

1.संतानों की गलत माँग और हठ पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया, तो अंत में आप असहाय हो जायेंगे- कौरव

2.आप भले ही कितने बलवान हो लेकिन अधर्म के साथ हो तो, आपकी विद्या, अस्त्र-शस्त्र शक्ति और वरदान सब निष्फल हो जायेगा - कर्ण

3.संतानों को इतना महत्वाकांक्षी मत बना दो कि विद्या का दुरुपयोग कर स्वयंनाश कर सर्वनाश को आमंत्रित करे- अश्वत्थामा

4.कभी किसी को ऐसा वचन मत दो कि आपको अधर्मियों के आगे समर्पण करना पड़े -भीष्म पितामह

5.संपत्ति, शक्ति व सत्ता का दुरुपयोग और दुराचारियों का साथ अंत में स्वयंनाश



का दर्शन कराता है -दुर्योधन

6.अंध व्यक्ति- अर्थात मुद्रा, मदिरा, अज्ञान, मोह और काम ( मृदुला) अंध व्यक्ति के हाथ में सत्ता भी विनाश की ओर ले जाती है -धृतराष्ट्र

7. यदि व्यक्ति के पास विद्या, विवेक से बँधी हो तो विजय अवश्य मिलती है -अर्जुन

8. हर कार्य में छल, कपट, व प्रपंच रच कर आप हमेशा सफल नहीं हो सकते - शकुनि

9. यदि आप नीति, धर्म, व कर्म का सफलता पूर्वक पालन करेंगे, तो विश्व की कोई भी शक्ति आपको पराजित नहीं कर सकती युधिष्ठिर




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556


प्रेरक प्रसंग

## व्यक्ति की परख उसके आचरण से करनी चाहिए ना की उसके रहन सहन से

एक राजमहल के द्वार पर एक वृद्ध भिखारी आया। द्वारपाल से उसने कहा, 'भीतर जाकर राजा से कहो कि तुम्हारा भाई मिलने आया है।' द्वारपाल ने समझा कि शायद कोई दूर के रिश्ते में राजा का भाई हो। सूचना मिलने पर राजा ने भिखारी को भीतर बुलाकर अपने पास बैठा लिया। उसने राजा से पूछा, 'कहिए बड़े भाई! आपके क्या हालचाल हैं?' राजा ने मुस्कराकर कहा, 'मैं तो आनंद में हूं। आप कैसे हैं?'

भिखारी बोला, 'मैं जरा संकट में हूं। जिस महल में रहता हूं, वह पुराना और जर्जर

हो गया है। कभी भी टूटकर गिर सकता है। मेरे बत्तीस नौकर थे, वे भी एक एक कर चले गए। पांचों रानियां भी वृद्ध हो गईं। यह सुनकर राजा ने भिखारी को सौ रुपए देने का आदेश दिया। भिखारी ने सौ रुपए कम बताए, तो राजा ने कहा, 'इस बार राज्य में सूखा पड़ा है।'

तब भिखारी बोला, 'मेरे साथ सात समंदर पार चलिए। वहां सोने की खदानें हैं। मेरे पैर पड़ते ही समुद्र सूख जाएगा। मेरे पैरों की शक्ति तो आप देख ही चुके हैं।' अब राजा ने भिखारी को एक हजार रुपए देने का आदेश दिया। भिखारी के जाने के बाद राजा बोला, 'भिखारी बुद्धिमान था। भाग्य के दो पहलू होते हैं राजा व रंक। इस नाते उसने मुझे भाई कहा। जर्जर महल से आशय उसके वृद्ध शरीर से था, बत्तीस नौकर दांत और पांच रानियां पंचेंद्रीय हैं। समुद्र के बहाने उसने मुझे उलाहना दिया कि राजमहल में उसके पैर रखते ही मेरा खजाना सूख गया,इसलिए मैं उसे सौ रुपए दे रहा हूं। उसकी बुद्धिमानी देखकर मैंने उसे हजार रुपए दिए और कल मैं उसे अपना सलाहकार नियुक्त करूंगा।' कई बार अति सामान्य लगने वाले लोग भीतर से बहुत गहरे होते हैं, इसलिए व्यक्ति की परख उसके बाह्य रहन-सहन से नहीं बल्कि आचरण से करनी चाहिए।


यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



सत्ता संग्राम | वर्धा लोकसभा सीट

# BJP सांसद ससुर के विजय रथ को रोकेगी बहू!

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र के वर्धा से बीजेपी सांसद रामदास तडस की मुश्किलें बढ़ गई है। लगातार दो बार विरोधियों को मात देकर संसद पहुंचने वाले बीजेपी नेता को अब उनकी खुद की बहू पूजा तडस लोकसभा चुनाव में चुनौती देगी। पूजा तडस ने ससुर समेत पूरे परिवार पर गंभीर आरोप लगाये हैं और वर्धा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।






### ससुर की जीत की हैट्रिक रोकने उतरी बहू

बीजेपी नेता की बहू पूजा पंकज शेंद्रे तडस ने गुरुवार को अपने 17 महीने के बेटे के साथ शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की उपनेता सुषमा अंधारे के साथ प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने तडस परिवार पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पूजा तडस ने दावा किया कि करीब तीन साल पहले उनके पति पंकज रामदास तडस को रेप मामले से बचाने के लिए उन्हें शादी के लिए मजबूर किया गया। तब से उन्हें यातना दी जा रही है और दुर्दशा हो रही है। उन्होंने लोहे की छड़ से पीटने और घर से निकालने का भी आरोप लगाया। हालांकि, बीजेपी सांसद रामदास तडस ने बहू के सभी आरोपों को गलत बताया है।

### कभी कांग्रेस का किला था वर्धा

बात राजनीति की करें तो 1952 में हुए चुनाव में वर्धा संसदीय क्षेत्र मध्यप्रदेश राज्य का हिस्सा था अब यह महाराष्ट्र का हिस्सा है। 1952 में हुए पहले चुनाव में वर्धा में कांग्रेस पार्टी के श्रीमन नारायण अग्रवाल ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1957, 1962, 1967 में लगातार तीन बार कांग्रेस पार्टी के ही कमलनयन बजाज सांसद चुने गए। 1971 में कांग्रेस पार्टी के जगजीवनराव कदम, 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में भी काग्रेस पार्टी के संतोषराव गोडे। फिर 1980, 1984 और 1989 में कांग्रेस की टिकट पर वसंत साठे संसद पहुंचे। 1991 में कांग्रेस के इस किले को भेदा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने। तब भाकपा के रामचन्द्र घंगारे ने जीत दर्ज की। 1996 में यहां बीजेपी का खाता खुला और विजय मुडे ने जीत दर्ज की। 1998 में कांग्रेस ने फिर वापसी की और दत्ता मेघे ने जीत दर्ज की। 1999 में कांग्रेस के प्रभा राऊ सांसद बने। 2004 में बीजेपी के सुरेश वाघमारे, 2009 में कांग्रेस के दत्ता मेघे। 2014 और 2019 में यहां बीजेपी के रामदास ताड़स सांसद चुने गए हैं। यहां हुए 17 चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने 12 बार। बीजेपी ने चार बार जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने एकबार जीत दर्ज की है।

### 2019 में रामदास की दूसरी जीत

2019 में यहां बीजेपी के रामदास ताड़स ने जीत दर्ज की है। ताड़स की यह दूसरी जीत है।2019 में बीजेपी उम्मीदवार ने कांग्रेस की चारुलता टोकस को 1,87,191 वोटों से हराया। ताड़स को 578,364 जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को 3,91,173 वोट मिले थे। तीसरे स्थान पर वंचित बहुजन आघाड़ी के उम्मीदवार धनराज वंजारी रहे। उन्हें 36,452 वोट मिले थे। 2014 में यहां रामदास ताड़स ने कांग्रेस के सागर मेघे को हराया था। रामदास ताड़स को 5,37,518 जबकि सागर मेघे को 3,21,735 वोट मिले बीएसपी के चेतन पेंदाम 90,866 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे।

### वर्धा का वोट गणित

वर्धा में फिलहाल भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। वर्धा की राजनीति के बारे में कहा जाता है कि यह अपने परिणाम से हमेशा चौकाता है। यहां जो उम्मीदवार जीतता नजर आ रहा होता है वह चुनाव हार जाता है। वर्धा लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा- अर्वी, हिंगनघाट, धमनगांव रेलवे, दिओली, मोर्शी और वर्धा हैं। यह एक ग्रामीण संसदीय क्षेत्र है। यहां की साक्षरता दर 86।76 प्रतिशत है। वर्धा में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 15।47% और अनुसूचित जनजाति की आबादी करीब 10।84% है। महाराष्ट्र की वर्धा लोकसभा सीट पर पहले चरण में होना है। 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्धा में जनसभा करने के लिए पहुंच सकते हैं। इससे पहले प्रेस कांफ्रेंस करते बहू पूजा पंकज तडस ने बीजेपी कैंडिडेट और मौजूदा सांसद रामदास तडस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वह तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वर्धा के चुनाव मैदान में कुल 26 उम्मीदवार हैं। रामदास तडस की बहू को चुनाव चिन्ह में खटिया दी गई है।



स्पेशल खबर

## देश में है चुनाव का माहौल, जानें कितना कैश ले जा सकते हैं अपने साथ?

देश में इस समय चुनाव का माहौल है। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, जबकि चुनाव के परिणाम 4 जून को आने हैं। चुनाव की वजह से देशभर में 'आचार संहिता' लागू है और इससे जुड़े नियम सिर्फ नेताओं पर ही नहीं, बल्कि आम आदमी पर भी लागू होते हैं। इसमें आप कितना कैश, ज्वैलरी या शराब लेकर ट्रैवल कर सकते हैं, इन सबके लिए लिमिट तय की गई हैं। चुनाव में कैश के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने इसकी एक फिक्स लिमिट तय की हुई है। अगर आपके पास लिमिट से ज्यादा कैश मिलता है, तो उसे जब्त भी किया जा सकता है। वहीं आप कितनी कीमत का गिफ्ट लेकर जा सकते हैं। इसके लिए भी चुनाव आयोग ने नियम बनाए हैं। चलिए जानते हैं -

### चुनाव में कैश लेकर चलने की लिमिट

चुनाव के दौरान अगर आपके पास 50,000 रुपए से ज्यादा कैश या 10,000 रुपए से ज्यादा कीमत का गिफ्ट आइटम है, तो आपको उसका प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन दिखाना होगा। अगर आप उससे जुड़े दस्तावेज जैसे कि बिल या बैंक स्टेटमेंट दिखाने में असफल रहते हैं, तब आपके कैश को जब्त किया जा सकता है। अगर आप कारोबार करते हैं या ऐसा कोई काम जहां कैश का मूवमेंट ज्यादा है। तब ये कैश मूवमेंट किसी आधिकारिक व्यक्ति द्वारा ही किया जाना चाहिए। उसका पूरा ब्योरा कंपनी या आपके बहीखातों में दर्ज होना चाहिए, ताकि अगर अथॉरिटीज आपसे उसकी जांच करें तो आपके पास उसकी पूरी जानकारी हो।

### क्या वापस मिलता है जब्त हुआ कैश?

अब आप सोच रहे होंगे कि कैश के जब्त होने के बाद क्या वह वापस भी मिलता है? तो जवाब 'हां' है, अगर जांच के दौरान आप अथॉरिटीज को प्रॉपर डॉक्यूमेंट दिखा देते हैं और इस बात की पुष्टि हो जाती है कि कैश का इस्तेमाल किसी कैंडिडेट या क्राइम में नहीं होने वाला है या उससे संबंधित नहीं है, तब आपकी डिटेल्स लेकर आपका कैश वापस कर दिया जाता है।

### इन सामानों की लिमिट पहले से तय




चुनाव में शराब बंटने से रोकने के लिए इसके लाने-ले जाने पर चुनाव के दौरान रोक रहती है। जबकि 10,000 रुपए से ज्यादा की दवा, गिफ्ट आईटम्स और शराब ले जाना गैर-कानूनी माना जाता है।

उम्मीदवार को जानें

## शशि थरूर

### तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से उम्मीदवार



तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से तीन बार के सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर एक बार फिर अपनी परंपरागत सीट से मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला केंद्र सरकार में मंत्री और बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर क साथ होने जा रहा है। चंद्रन थरूर और सुलेखा मेनन के लंदन स्थित घर में 9 मार्च 1956 को पैदा हुए शशि थरूर का बचपन मुंबई और कोलकाता में बीता। उन्होंने यहीं प्राथमिक शिक्षा ली और स्नातक की पढ़ाई के लिए दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज आ गए। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में टफ्ट्स विश्वविद्यालय के फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी से अंतर्राष्ट्रीय मामलों में मास्टर डिग्री और पीएचडी किया। शशि थरूर करीब तीन दशक तक संयुक्त राष्ट्र में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। खासतौर पर शीत युद्ध के बाद शांति स्थापना में उनकी भूमिका अहम थी। वह उस समय संयुक्त राष्ट्र महासचिव के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। वह 2009 तक अमेरिका में प्रवास के बाद भारत लौटे और कांग्रेस पार्टी के साथ राजनीति शुरू की।

### मनमोहन सिंह सरकार में बने मंत्री

कांग्रेस पार्टी ने भी उन्हें हाथोंहाथ लेते हुए उसी साल हुए लोकसभा चुनावों में तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से मैदान में उतार दिया। इस चुनाव में वह बड़े अंतर से जीत कर संसद पहुंचे। पहला चुनाव जीतने के बाद वह मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार में मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री और विदेश राज्य मंत्री बने। इस कार्यकाल में शशि थरूर की लोकप्रियता काफी बढ़ गई और 2014 के चुनावों में जब पूरी कांग्रेस पार्टी महज 44 सीटों पर सिमट गई थी, थरूर ने एक बार फिर बड़े अंतर के साथ इसी सीट से विजयी हुए।

### 2019 में भी बड़े अंतर से जीते

उन्होंने 2019 में भी बड़े अंतर से जीत का क्रम जारी रखा और एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने उन्हें चौथी बार मैदान में उतार दिया है। शशि थरूर की पहली शादी 1981 में तिलोत्तमा मुखर्जी के साथ हुई थी। हालांकि यह शादी ज्यादा दिनों तक नहीं चली और दोनों में तलाक हो गया। इसके बाद थरूर ने दूसरी शादी साल 2007 में संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत कनाडाई राजनयिक क्रिस्टा जाइल्स के साथ की। यह शादी भी कुछ दिन बाद टूट गई और 22 अगस्त 2010 को उन्होंने सुनंदा पुष्कर से तीसरी शादी की।

चुनावी खबर | असमर्थ मतदाताओं को घर से वोट डालने की होगी सुविधा

## महाराष्ट्र :गढ़चिरौली में 107 किमी की यात्रा कर दो बुजुर्गों तक पहुंचे चुनाव अधिकारी



महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में चुनाव आयोग ने दो बुजुर्गों को लोकसभा चुनाव के लिए अपने घरों से मतदान देने में सक्षम बनाने के लिए 107 किमी तक जोखिम भरे रास्ते और जंगलों से होकर यात्रा की। दोनों ही मतदाताओं की उम्र 100 और 86 वर्ष है। गड़चिरौली-चिमूर निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होने वाला है। गढ़चिरौली के जिला सूचना अधिकारी के अनुसार, चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 80 साल से ज्यादा उम्र वाले और 40 फीसदी वाले दिव्यांग व्यक्तियों को घर से वोट डालने की छूट दी है। इस पहल के तहत चुनाव अधिकारी अहेरी से सिरोंचा 100 किमी की दूरी तय कर 100 वर्षीय किस्तैय्या मदारबोइना और 86 वर्षीय किस्तैय्या कोमेरा के पास पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि ये दोनों ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहते हैं, लेकिन सुविधाएं नहीं होने के कारण ये चुनावी प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

## हिमाचल प्रदेश : कंगना के तीखे हमले पर बोले विक्रमादित्य- कोटि कोटि प्रणाम



हिमाचल प्रदेश की मंडी में एक बार फिर सियासत गरमा गई है। इस बार यहां की बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत के टारगेट पर हिमाचल कांग्रेस के नेता विक्रमादित्य सिंह हैं जिन्हें मंडी सीट से संभावित उम्मीदवार के तौर पर देखा जा रहा है।

कंगना रनौत ने विक्रमादित्य का नाम लिए बगैर उनपर जबरदस्त प्रहार किया है। उन्होंने इशारों में विक्रमादित्य की तुलना छोटा पप्पू से की है। कंगना ने कहा कि एक बड़ा पप्पू दिल्ली में बैठा है, छोटा पप्पू हिमाचल में है। छोटा पप्पू कहता है कि कंगना गौमांस खाती है। बीजेपी प्रत्याशी ने कहा, 'ये तुम्हारे बाप-दादा की रियासत नहीं है कि तुम मुझे डरा-धमकाकर वापस भेज दोगे। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत है, जहां चाय बेचने वाला एक छोटा, गरीब लड़का लोगों का सबसे बड़ा नायक और प्रधान सेवक है।' कंगना रनौत ने ये बातें मनाली की जनसभा में कही।

**हिमाचल में कभी इस्तेमाल नहीं हुई ऐसी भाषा**

## राजस्थान: घर बैठे देख सकेंगे मतदान केंद्र पर कितनी लंबी लाइन है?



लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान में जयपुर जिला प्रशासन की ओर से एक ऐप तैयार किया गया है, जो वहां के मतदाताओं की मदद करेगा। 'वोटरक्यू ट्रैकर' नामक इस ऐप से जयपुर की सभी लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की जानकारी मिल सकेगी। इससे लोग मतदान केंद्र पर भीड़ की जानकारी पा सकेंगे। अभी यह जयपुर ग्रामीण की झोटवाड़ा विधानसभा सीट पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू होगा। सफल होने पर चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। चुनाव के दौरान बूथ लेवल अधिकारी हर 30 मिनट में बूथ पर मौजूद मतदाताओं की संख्या ऐप पर अपडेट करेंगे। मतदाताओं को ऐप पर संबंधित बूथ पर मतदाताओं की संख्या के साथ-साथ अपडेट का समय भी बताया जाएगा। मतदाता ऐप पर जाएंगे, जहां उन्हें यूजर एप्लिकेशन पर क्लिक करना होगा। वहां विधानसभा चुनने के बाद उसमें मौजूद सभी बूथों के नाम और भाग संख्या आ जाएंगे। अपना बूथ चुनने के बाद वहां मौजूद मतदाताओं की संख्या पता चल सकेगी।


## उत्तर प्रदेश : मायावती के भतीजे आकाश ने चला मुस्लिम कार्ड

**बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर और मायावती के भतीजे आकाश आनन्द ने गुरुवार को मथुरा में मुस्लिम कार्ड खेला है। ईद के मौके पर आकाश आनंद ने साफ कहा कि बीजेपी ने राम मंदिर बनाया, अच्छी बात है, लेकिन जब बाबरी मस्जिद बनेगी तो बसपा मुलसमानों के साथ खड़ी होगी। आगे उन्होंने कहा कि आप सर्वसमाज का नेतृत्व कर रहे हैं। ये सरकार खुद को बुलडोजर सरकार कहती है। किसी का घर बुलडोजर से उखाड़ोगे तो क्या अच्छी बात होगी। आकाश लोकसभा चुनाव प्रचार में मथुरा में बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।**



## उत्तराखंड : 120 गांवों में वोट मांगने नहीं जाते नेता

उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटों पर मतदान पहले चरण यानी 19 अप्रैल को होगा। लेकिन, आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि राज्य के 120 से अधिक गांव ऐसे हैं, जहां के लोग आज भी नेताओं को देखे बिना ही मतदान करते हैं। आजादी के बाद से शुरू हुई संसदीय परंपरा में आज तक कोई सांसद इन गांवों में वोट मांगने नहीं पहुंचा। यहां कनेक्टिविटी ना होने जैसी कई समस्याएं हैं। पर जब सांसद प्रत्याशी गांव में आते ही नहीं तो समस्या सुनाएं भी तो किसे। पहाड़ के दुर्गम गांवों में मतदान से एक दिन पहले ही पोलिंग पार्टियां पहुंच जाती हैं। मतदान केंद्र में ही रुकते हैं। भोजन स्कूल की भोजनमाता बनाती हैं। एक दिन पहले सभी मशीनें चेक की जाती हैं। मतदान कर्मियों को सख्त हिदायत होती है कि गांव में किसी व्यक्ति से किसी तरह की व्यवस्था में सहयोग नहीं लेना है। नैनीताल के दुर्गम बेतालघाट ब्लॉक का जिनोली गांव। प्रधान अनीता देवी ने बताया, यहां 300 वोटर हैं। पोलिंग बूथ गांव से 5 किमी दूर है। कार्यकर्ता जिस पोस्टर और बैनर से प्रचार करते हैं। उसे देखकर वोट देते हैं।



# सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर का विरोध किया : अमित शाह

**एजेंसी | मुरादाबाद**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प भाजपा सरकार ने पूरा किया। पांच सौ साल बाद रामलला टेंट से निकल कर भव्य मंदिर में विराजे। आगामी रामनवमी पर पहली बार भगवान राम का जन्मोत्सव भव्य मंदिर में मनाया जाएगा। सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर का विरोध किया। इन दलों ने राम मंदिर उद्घाटन का भी विरोध किया।

## मोदी की गारंटी



अमित शाह शुक्रवार को मुरादाबाद और संभल लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त रैली को संबोधित कर रहे थे। मुरादाबाद जिले के सेंट मैरी स्कूल के पीछे मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि मेरे उप्र ने वर्ष 2014 में 73 सीटें दीं और वर्ष 2019 में 65 सीटें। इसकी वजह से नरेन्द्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बने। इस बार मुरादाबाद और संभल लोकसभा सीट भाजपा की झोली में डालकर लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। वर्ष 2014 से पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में ग्यारहवें स्थान पर थी। बीते 10 वर्षों में मोदी के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर आ गई। अब तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बना दो तो मोदी की गारंटी है कि इस बार भारत की अर्थव्यस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

## अनुच्छेद 370 मिटाएंगे

उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों को कश्मीर से क्या लेना। सुन लो खड़गे जी, मुरादाबाद का बच्चा-बच्चा कहता है कि कश्मीर हमारा है और हमारा रहेगा। पीएम मोदी ने कहा था कि हम सत्ता में आएंगे तो अनुच्छेद 370 मिटाएंगे। सरकार बनने के पांच साल बाद 05 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए समाप्त कर दी गई।

## उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त हो गया

अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उप्र में दंगे, हत्याएं, गो तस्करी होती थी। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के बाद मेरा उप्र दंगा मुक्त हो गया। अपराध खत्म हो गया, गो तस्करी बंद हो गई। पहले उप्र से हिंदू पलायन करता था लेकिन उप्र में भाजपा सरकार बनने के बाद गुंडे पलायन कर रहे हैं। सपा-कांग्रेस वाले कहते हैं कि हम तीन तलाक फिर से शुरू कर देंगे, अनुच्छेद 370 को फिर से लागू कर देंगे। यह लोग उप्र को जातियों में बांट देंगे।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सांसद रमेश विधूड़ी, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, रालोद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर को प्रत्याशी घोषित कर चौंकाया



**एजेंसी | आजमगढ़**

आजमगढ़ लोकसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने राजनीतिक पंडितों को चौकाते हुए अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व आजमगढ़ मंडल के जोनल कोआर्डिनेटर रहे भीम राजभर को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। टिकट की घोषणा होते ही बसपा खेमे में जहां खुशी की लहर हैं, वही भाजपा और सपा खेमे में नए सिरे से जीत की रणनीति बनाई जा रही है। इसी के साथ ही आजमगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा, बसपा और सपा तीनों दलों के प्रत्याशी पैराशूट प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। वर्ष 2017 में भाजपा के प्रचंड बहुमत के बाद जब बसपा के बड़े नेता दूसरे दलों में चले गए तो बसपा मुखिया मायावती ने वर्ष 2020 में भीम राजभर को प्रदेश अध्यक्ष बनाया और अब उन्हें ही आजमगढ़ लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है।

## नए सिरे से जीत की रणनीति

आजमगढ़ लोकसभा चुनाव में भाजपा ने निवर्तमान सांसद दिनेश लाल यादव को, तो समाजवादी पार्टी ने धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया है। बसपा का टिकट घोषित नहीं होने से कयासों का बाज़ार भी गर्म था। अधिकांश राजनीतिक पंडित यह मान रहे थे कि बसपा किसी मजबूत मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में उतरेगी, लेकिन बसपा प्रमुख ने सबको चौकाते हुए शुक्रवार को भीम राजभर के नाम की घोषणा की। भीम राजभर के नाम की घोषणा के साथ ही अब सपा और भाजपा ने नए सिरे से जीत की रणनीति बनाने में जुट गई हैं।

## राजस्थान

# 17 बच्चों को गुजरात ले जाता दलाल गिरफ्तार

**अजमेर।** अजमेर रेलवे स्टेशन पर बाल श्रम के लिए 17 बच्चों को गुजरात लेकर जाते दलाल गिरफ्तार किया है। बच्चों में से 7 बच्चे नाबालिग हैं। जीआरपी ने बच्चों को बाल कल्याण सीमित के सुर्पुद किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीआईबी मुख्यालय से रेलवे सुरक्षा बल उपनिरीक्षक चंचल शेखावत को सूचना मिली कि सवारी गाड़ी संख्या 20938 पोरबंदर एक्स्प्रेस ट्रेन के आगे से दूसरे जनरल कोच संख्या 074678 में कुछ बच्चे संदिग्ध और डरे हुए थे। ट्रेन के अजमेर पहुंचने पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने चैक किया तो कोच में एक व्यक्ति 17 बच्चों के साथ मिला। इस व्यक्ति ने अपना नाम बृजेश कुमार पुत्र रामसेवक पुलिस थाना रामपुर मथुरा, उत्तर प्रदेश होना बताया। जांच में 17 बच्चों में से 7 बच्चे नाबालिग मिले। पूछताछ करने पर बृजेश ने बताया कि इन बच्चों और युवाओं को फाल्कन धागा कंपनी सायर राजकोट गुजरात में काम करने के लिए ले जा रहा था। आरपीएफ ने इन 7 नाबालिग बच्चों को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही बृजेश कुमार को गिरफ्तार कर जीआरपी अजमेर थाने के सुपुर्द किया गया है। ठंडक महसूस हुई है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल सुबह-सुबह पहुंचे सेंट्रल पार्क

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार सुबह-सुबह जयपुर के सी-स्कीम स्थित सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक करने पहुंच गए। पार्क में मुख्यमंत्री को देखकर लोगों में उत्साह बढ़ गया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की और उनकी समस्याएं भी जानी। लोगों ने मुख्यमंत्री के साथ वार्तालाप के साथ-साथ सेल्फी भी ली। मॉर्निंग वॉक के दौरान लोगों ने जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को देखा तो वे काफी खुश नजर आए। अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग हैरान रह गए। मॉर्निंग वॉक करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने लोगों से कहा कि वे उनसे मिलने और बात करने के लिए सुबह सुबह पार्क घूमने आए हैं। वॉकिंग के बाद सीएम ने चाय की थड़ी पर कुल्हड़ में चाय का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सेंट्रल पार्क की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आम जनता से मिले सुझाव के बाद उन्हें इम्प्लीमेंट करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया अभियान' को आगे बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री अचानक बिना किसी सूचना के सेंट्रल पार्क पहुंचे थे।प्रत्याशियों को विजय श्री दिलाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहे हैं।

# अब माफियाओं को उल्टा लटकाकर नीचे मिर्च का छोंका लगा देते हैं-योगी

**एजेंसी | सहारनपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही पूरा पंडाल योगी आदित्यानाथ जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। वहीं लोग योगी-योगी के नारे लगाते हुए अपनी कुर्सियों से खड़े हो गए। सीएम योगी ने पहले हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन किया। गंगोह के नवीन मंडी सभा स्थल पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया।

## 'सभी को चैत्र नवरात्र की बधाई दी'

मुख्यमंत्री ने सभी को चैत्र नवरात्र की बधाई दी और मां शाकंभरी और मां बाला सुंदरी को नमन किया। उन्होंने कहा कि सहारनपुर विकास की धारा के साथ जुड़कर विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहा है। दिल्ली से देहरादून के बीच ग्रीन एक्सप्रेसवे बन रहा है। इस विकास की गति को जारी रखना है। सहारनपुर पर मां गंगा और यमुना की कृपा है। यहां का किसान और हस्तशिल्प का कारीगरी दूर तक मशहूर है।

## 'माफिया सिर ऊंचा करके घूमते थे'

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले माफिया सिर ऊंचा करके घूमते थे। छोटी-छोटी बातों पर दंगा होता था। अब दंगा करने वाले खुद ही कहते हैं कि दंगा नहीं करेंगे। आप सब जानते हैं कि अब माफियाओं का क्या हाल है, हम उन्हें पकड़ कर उल्टा लटका कर मिर्ची का छोंका लगा देते हैं।

## 'किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गया था'

सपा, बसपा और कांग्रेस के शासन में यहां का किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गया था। नौजवान पलायन करने को मजबूर हो गया था। बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। व्यापारी सुरक्षित नहीं था। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब सहारनपुर को मजहबी उन्माद का केंद्र बना दिया गया था। जब कांवड यात्रा पर बैन लगता था, तब तो जातिवादी संगठन करने वाला कोई आगे नहीं आता था। सबके मुंह सिल दिए जाते थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**एजेंसी | देवरिया**

भटनी थाना के धर्मखोर बाबू में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भटनी थाना क्षेत्र के धर्मखोर बाबू के रहने वाले मनीष यादव की शादी दो वर्ष पूर्व उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम कौलाडाबर में मुन्ना यादव की पुत्री रीतू यादव से हुई थी। तीन महीने पूर्व एक लड़का भी पैदा हुआ है। शुक्रवार की भोर में चार बजे रीतू कमरे से निकल कर अपने बेटे को बाहर सो रही अपने सास को देकर घर में सोने चली गई। सुबह देर से न उठने पर बाहर सो रहे पति मनीष यादव ने अपनी पत्नी को जगाने लगा। वह उठ न सकी, उसकी मृत्यु हो चुकी थी। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी भटनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मौसम बदलते ही बढ़ने लगी मानसिक रोगियों की संख्या

**एजेंसी | महोबा**

गर्मी के मौसम में मानसिक रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है । जिला चिकित्सालय स्थित मनकक्ष में मानसिक रोगी पहुंच रहे हैं। साइकोलॉजिस्ट अंकिता गुप्ता की द्वारा रोगियों की काउंसलिंग की जा रही है।

शुक्रवार को जिला चिकित्सालय की मनोवैज्ञानिक डॉ अंकिता गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में मौसम के हिसाब से मनुष्य का दिमाग बदलता रहता है । घबराहट ,उदासी ,नींद ना आना, चिड़चिड़ापन ,काम में मन ना लगना आदि मानसिक बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए 7 से 8 घंटे की नींद लेना, व्यायाम करना , भोजन में सलाद और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। योग करने से मन शांत होता है और मानसिक रोगों से निजात मिलता है। जिला चिकित्सालय स्थित मनकक्ष में सप्ताह में सोमवार , बुधवार और शुक्रवार को मानसिक रोगियों की काउंसलिंग की जाती है । टैली मानस और हेल्पलाइन नंबर से भी मरीज की सहायता की जाती है । गर्मी के मौसम में बाइपोलर डिसऑर्डर के मरीज बढ़ जाते हैं जिसमें मनुष्य का मूड बहुत जल्दी ही चेंज होता है।

# बेल्ट में लपेटा था डेढ़ किलो सोने का बिस्किट



**एजेंसी | किशनगंज**

डीआरआई की टीम ने 11 अप्रैल को तीन सोना तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसमें से दो किशनगंज के रहने वाले हैं, जबकि एक शख्स बंगाल का रहने वाला है। टीम ने इनके पास से 12 गोल्ड बिस्किट और 80 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार तीन लोगों में एक किशनगंज के मारवाड़ी युवा मंच का अध्यक्ष दिनेश पारीक भी है।

दिनेश पारीक लंबे समय से गोल्ड तस्करी करते आ रहा था। 11 अप्रैल को तस्करी का सोना लाने के लिए एक कार से सिलीगुड़ी गया था। इसी दौरान डीआरआई की टीम ने दिनेश पारीक को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, डीआरआई की टीम को सिलीगुड़ी में गोल्ड तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम तस्करों का इंतजार करने लगी। इसी दौरान सिलीगुड़ी जंक्शन इलाके से बंगाल के कूच बिहार निवासी बिदुभूषण राय नाम के एक व्यक्ति को टीम ने पकड़ा। उसे टीम डीआरआई के स्थानीय कार्यालय कॉलेज पारा ले गई। यहां पूछताछ शुरू की गई। उसकी तलाशी ली गई तो कमर में बेल्ट से 12 गोल्ड बिस्किट मिले। वह छुपा कर कूचबिहार से सिलीगुड़ी ले आया था और किशनगंज के दिनेश पारीक को देना था।




# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर बढ़ा दबाव

## सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने कुछ देर तक लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव के कारण बाजार लगातार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.57 प्रतिशत और निफ्टी 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों का हाल



शुरुआती एक घंटे के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, कोल इंडिया और नेस्ले के शेयर 1.52 प्रतिशत से लेकर 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर सन फार्मास्यूटिकल्स, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, श्रीराम फाइनेंस और टाइटन कंपनी के शेयर 2.16 प्रतिशत से लेकर 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,075 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 940 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,135 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

# सोने-चाँदी की कीमतों में तेजी लगातार बरकरार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज खुलते ही सोने और चांदी का भाव नये रिकॉर्ड पर पहुंच गया। दस ग्राम सोने से की कीमत 72,678 हो गयी। जबकि, एक किलो सोने की कीमत 84 हजार रुपये के पार निकल गया। हालांकि, 5 जून को एक्सपायर होने वाले सोने की कीमत सुबह 10 बजे 827 रुपये बढ़कर 72471 और पांच अगस्त को एक्सपायर होने वाले सोने की कीमत 839 रुपये चढ़कर 72,725 रुपये पर पहुंच गया। मुंबई में आज दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद की कीमतों के बराबर 72,230 रुपये है। दिल्ली में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,380 रुपये, बेंगलुरु में 72,230 रुपये और चेन्नई में 73,370 रुपये है। वहीं, मुंबई में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद के बराबर 66,210 रुपये है। जबकि, दिल्ली में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,360 रुपये, बेंगलुरु में 66,210 रुपये और चेन्नई मे 67,260 रुपये है।

# वोडाफोन आइडिया ने जबरदस्त FPO लाने की घोषणा की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

बाजार की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड बाजार में निवेशकों के लिए फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) लाने की घोषणा की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपये का एफपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इस एफपीओ के लिए 18 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक खुदरा निवेशक बोली लगा सकेंगे। जबकि, कंपनी एंकर निवेशकों के बोली लगाने के लिए 16 अप्रैल को स्पेशल सेशन का आयोजन करेगी। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने एफपीओ के लिए प्राइस बैंड 10 से 11 रुपये तय किया है।

## एफपीओ के बारे में जानें




वोडाफोन आइडिया लिमिटेड एफपीओ 10 रुपये के अंकित मूल्य के 16,363,636,363 इक्विटी शेयरों का एक मुख्य-बोर्ड FPO है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड FPO के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार हैं. एफपीओ से मिले पैसे का कंपनी के द्वारा नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उपकरणों की खरीद करें। नई 4जी साइटें स्थापित करने, मौजूदा 4जी साइटों और नई 4जी साइटों की क्षमता का विस्तार करने और नई 5जी साइटें स्थापित करने में किया जाएगा। साथ ही, पैसों से कंपनी दूरसंचार विभाग को स्पेक्ट्रम के लिए कुछ स्थगित भुगतान और उस पर जीएसटी का भुगतान करेगी। खुदरा निवेशकों को कम से कम एक लॉट में निवेश करना होगा। एक लॉट में 1298 शेयर हैं। इसका अर्थ है कि निवेशक को कम से कम 14,278 रुपये खर्च करना होगा।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश का रिलायंस इंफ्रा पर असर, 20% शेयर गिरे

**एजेंसी | नई दिल्ली**

अनिल अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आरआईआईएल) के शेयर 12 अप्रैल को 20 प्रतिशत गिरकर एक बार फिर निचले सर्किट पर पहुंच गए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के साथ विवाद में आरआईआईएल को दिए गए मध्यस्थ फैसले को बरकरार रखने वाले अपने आदेश को पलटने के बाद स्टॉक में तेजी से गिरावट आई।

## क्या है पूरा मामला



डीएमआरसी की सुधारात्मक याचिका को स्वीकार करते हुए, अदालत ने 10 अप्रैल को अपने फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के स्वामित्व वाली कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (DAMEPL) को लगभग 8,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने निर्देश दिया कि रिलायंस इंफ्रा इकाई डीएमआरसी द्वारा जमा किया गया पैसा वापस करे। मामले की शुरुआत डीएमआरसी द्वारा डीएएमईपीएल को टर्मिनेशन फीस न चुकाने से हुई।

डीएमआरसी ने राष्ट्रीय राजधानी में एयरपोर्ट मेट्रो लाइन चलाने के लिए एक अनुबंध समाप्त कर दिया लेकिन जुलाई 2013 से परियोजना की संपत्ति और राजस्व का उपयोग जारी रखा। एक मध्यस्थता पैनल ने डीएमआरसी को डीएएमईपीएल को 2782.33 करोड़ रुपये और ब्याज का भुगतान करने का आदेश दिया, और इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय और फिर सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा। बाद में, DMRC ने एक सुधारात्मक याचिका में 2021 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को चुनौती दी।

# भारती हेक्साकॉम के शेयरों की शानदार शुरुआत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारती हेक्साकॉम के शेयरों ने 12 अप्रैल को शानदार शुरुआत की, क्योंकि वे 570 के आईपीओ मूल्य के मुकाबले 32.4 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 755 पर सूचीबद्ध हुए, जो कि 12-15 प्रतिशत प्रीमियम के अनुमान से अधिक था। भारती एयरटेल की सहायक कंपनी का 4,275 करोड़ रुपये का आईपीओ एक साल में भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक मुद्दा है।

## 30 गुना पर मजबूत सदस्यता के आंकड़े




इस इश्यू में अपने आवंटित कोटा के लगभग 30 गुना पर मजबूत सदस्यता के आंकड़े थे, जिसमें योग्य संस्थागत निवेशकों ने अपने आवंटन से 48.57 गुना अधिक सदस्यता ली थी, गैर-संस्थागत निवेशकों ने अपने हिस्से से 10.52 गुना अधिक सदस्यता ली थी और खुदरा निवेशकों ने आरक्षित हिस्से से 2.83 गुना अधिक सदस्यता ली थी। भारती हेक्साकॉम की एंकर बुक में कैपिटल ग्रुप, फिडेलिटी, ब्लैकरॉक और एडीआईए जैसे शीर्ष निवेशकों को आईपीओ खुलने से पहले भाग लेते हुए दिखाया गया है, जिसके माध्यम से कंपनी ने लगभग 1,924 करोड़ जुटाए हैं। यह इश्यू 3 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला और 5 अप्रैल को बंद हुआ और यह पूरी तरह से 7.5 करोड़ शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव था, जिसके द्वारा टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया- जो कंपनी में एकमात्र सार्वजनिक शेयरधारक था- ने शेयर बेच दिए।



# जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे राजस्थान रॉयल



एजेंसी । मुल्लांपुर

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है ।

रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की ।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था । वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे ।

## PBKS से इन खिलाड़ियों ने किया है कमाल

PBKS की मौजूदा टीम से शिखर धवन ने RR के खिलाफ 24 मैचों में 32.33 की औसत और 129.82 की स्ट्राइक रेट से 679 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 86* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 7 अर्धशतक लगाए हैं। जॉनी बेयरस्टो ने इस टीम के खिलाफ 5 पारियों में 31.40 की औसत से 157 रन बनाए हैं। हर्षल पटेल ने RR के विरुद्ध 12 मैचों में 16.22 की औसत से 18 विकेट लिए हैं।

## RR से इन खिलाड़ियों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

RR की मौजूदा टीम से संजू सैमसन ने PBKS के खिलाफ 21 मैचों में 39 की औसत और 143.85 की स्ट्राइक रेट से 702 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। जोस बटलर ने इस टीम के खिलाफ 13 पारियों में 36.25 की औसत और 155.91 की स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने PBKS के विरुद्ध 19 मैचों में 18.79 की औसत से 29 विकेट लिए हैं।

## चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के आंकड़े

इस मैदान पर घरेलू क्रिकेट के 23 टी-20 क्रिकेट मैच खेले गए हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 15 और 8 पहले गेंदबाजी करने वाली ने जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 148 रन और दूसरी पारी का 116 रन है। IPL में इस सीजन 2 मैच खेले गए हैं, जिसमें एक मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली और एक बाद वाली टीम ने जीता है। यहां सर्वोच्च स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) 182/9 के नाम है।

## PBKS के खिलाफ RR का पलड़ा रहा है भारी

IPL के इतिहास में अब तक दोनों टीमों के बीच 26 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान PBKS को 11 मैच में जीत मिली है, जबकि RR ने 15 मुकाबले जीते हैं। IPL 2023 में दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबले खेले गए थे, जिसमें 1 मैच को PBKS ने अपने नाम किया था और 1 मुकाबला RR ने जीता था। IPL 2022 में दोनों टीम के बीच खेला गया एकमात्र मैच RR ने 6 विकेट से जीता था।

**टीमें : राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

## न्यूज ब्रीफ

### निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरी कॉम



**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई है। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है । मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा ,'' देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी । लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी । मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं । इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है । मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी ।''

### धावक लक्ष्मणन एक साल में तीन बार प्रतिबंधित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी ) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।


### विनेश ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर ओलंपिक जाने से रोकने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था । विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। 29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था । वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती है।

## कैंडिडेट्स शतरंज

# गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला



**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला । इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं । रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4 . 5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढत बना ली है । निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं ।अबासोव दो अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं । महिला वर्ग में आर वैशाली को तीसरी हार का सामना करना पड़ा । उन्हें चीन की तिंगजी लेइ ने हराया जबकि बाकी तीनों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे ।

# आरसीबी के पास है कमबैक का मौका

एजेंसी । बेंगलुरु

आरसीबी एक ऐसा नाम, जो अभी सभी क्रिकेट फैंस की जुबां पर है। वजह साफ है। आरसीबी के फैंस टीम को आईपीएल ट्रॉफी जीतते देखना चाहते हैं। लेकिन हर सीजन टीम अपने फैंस को निराश करती है। आरसीबी की टीम अभी तक आईपीएल में एक भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। इतना ही नहीं आईपीएल 2024 आरसीबी के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी में टीम को लगातार हार मिल रही है। ऐसा नहीं है कि आरसीबी के पास अच्छे प्लेयर्स नहीं हैं। टीम के पास विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और दिनेश कार्तिक जैसे सुपरस्टार बल्लेबाज मौजूद हैं। फिर भी नतीजा ढाक के तीन पात है।



## मौजूदा सीजन हारे हैं इतने मैच

इस सीजन में आरसीबी की टीम ने अभी तक 6 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम सिर्फ एक ही जीतने में सफल रही है। वहीं पांच मैचों में टीम को हार का सामना करना करना पड़ा है। टीम के 2 अंक हैं और वह 9वें नंबर पर है। ऐसे में आरसीबी के लिए प्लेऑफ की राह आसान नहीं दिखाई दे रही है। लेकिन अगर आरसीबी की टीम अपने बाकी बचे 8 मैचों में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उसके लिए प्लेऑफ के दरवाजे खुल सकते हैं।

## IPL 2016 में ऐसा था हाल

आईपीएल 2016 में भी आरसीबी की टीम ने अपने शुरुआती 7 मैचों में से सिर्फ दो ही जीते थे। लेकिन इसके बाद टीम ने वापसी की और बाकी बचे 7 मैचों में से 5 जीतकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन फाइनल में आरसीबी को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 8 रनों से हार झेलनी पड़ी। आईपीएल 2016 में 8 टीमें हिस्सा ले रही थी।

## कोहली ने किया है शानदार प्रदर्शन

आईपीएल 2016 में विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया था। आईपीएल 2016 में कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर थे। उन्होंने तब 973 रन बनाए थे। उस सीजन उन्होंने चार शतक लगाए थे। मौजूदा सीजन में भी विराट कोहली बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। लेकिन टीम के बाकी प्लेयर्स का उनका साथ नहीं निभा रहे हैं। इस सीजन भी कोहली ने 319 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

## रिव्यू: अमर सिंह चमकीला

दोपहर स्टार- 4/5

# दिलजीत दोसांझ की दमदार अदाकारी से दमक उठी फिल्म



य पिछले काफी समय से फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' सुर्खियों में है। इसके निर्देशन की कमान इम्तियाज अली ने संभाली है। दिलजीत दोसांझ हीरो और परिणीति चोपड़ा फिल्म की हीरोइन हैं। फिल्म ट्रेलर आने के बाद से ही लगातार चर्चा में थी और आज यानी 12 अप्रैल को 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। इम्तियाज ने अपनी इस फिल्म की कहानी और कलाकारों ने अपने किरदार के साथ कितना न्याय किया है, जानने के लिए पढ़िए दोपहर का रिव्यू।

## चमकीला का सफर पर्दे पर दिखाती फिल्म

फिल्म दिखाती है कि सुपरस्टार क्या होता है, सुपरस्टार बनते कैसे हैं, स्टारडम क्या होता है और इसकी कीमत कैसे चुकानी पड़ती है। कहानी है अमर सिंह चमकीला की, जो पंजाब के सबसे मशहूर और विवादित गायकों में शुमार थे। उनकी जिंदगी के सारे अहम पड़ावों को फिल्म में दिखाया गया है। 20 की उम्र में विदेशों तक में चमक रहे चमकीला की 27 की उम्र में हत्या कर दी गई, उनका यह सफरनामा दिलजीत ने पर्दे पर जिया है।



## 'चमकीला' बन खूब चमके दिलजीत

चमकीला के किरदार में दिलजीत अभिनय का सारा रस निचोड़ लेते हैं। मासूमियत से दर्द और संघर्ष तक वह हर भाव इतनी शिद्दत से चेहरे पर उतारते हैं कि आप भावनाओं के समंदर में गोते लगाते चले जाते हैं। उनकी बेमिसाल अदाकारी से फिल्म दमकती है। उनका एक-एक सीन इतना जोरदार है कि लगता है जैसे चमकीला सामने हों। उधर चमकीला की पत्नी अमरजोत (परिणीति), अंजुम बत्रा और राहुल मित्रा जैसे कलाकार भी अभिनय की कसौटी पर खरे उतरे हैं।

## इम्तियाज ने OTT पर बना दी 'रॉकस्टार'

'रॉकस्टार' और 'जब वी मेट' जैसी बेहतरीन फिल्मों के निर्देशक इम्तियाज ने चमकीला की जिंदगी को बड़ी बारीकी से छुआ और उनके परिवेश पर काफी गहराई से काम किया। OTT पर आते ही इम्तियाज ने चौका मार दिया है। वह यकीनन तारीफ के हकदार हैं, क्योंकि उन्होंने कहीं भी चमकीला का महिमांडन नहीं किया। हीरो से लेकर विषय तक का उनका चुनाव सटीक है। कहानी ऐसी है, जिसमें कोई तड़क भड़क या ताम-झाम नहीं। यह सीधे दिल में उतरती है।

## गीत-संगीत भी उम्दा

फिल्म को अपने संगीत का पूरा साथ मिला है। कुछ गाने तो ऐसे हैं, जिनमें आप खो जाएंगे। एआर रहमान के संगीत ने फिल्म में चार चांद लगा दिए हैं। उधर इरशाद कामिल के बोल इतने खूबसूरत हैं, जो ध्यान नहीं हटने देते।




## देखें या ना देखें?

**क्यों देखें?:** इस फिल्म को देखने की बड़ी वजह दिलजीत हैं, जिनका अभिनय सिनेमा 'पार' उतर आया है। आप उन्हें देखने के लिए पूरी फिल्म देख सकते हैं। इम्तियाज के प्रशंसकों के लिए भी यह एक नजराना है, वहीं वास्तविकता के करीब एक दिल छू लेने वाली कहानी देखने का मन है तो 'अमर सिंह चमकीला' आपके लिए है।

**क्यों न देखें?:** अगर फिल्म से ड्रामा या सस्पेंस की उम्मीद कर रहे हैं तो ठगे रह जाएंगे।

## कमियां

### कुछ कमजोर कड़ियां

लगभग ढाई घंटे की इस फिल्म में कुछेक कमियां भी हैं। जैसे इसके कुछ दृश्य खींचे हुए लगते हैं, जिन्हें देख फिल्म में संपादन की कमी खलती है। फिल्म की लंबाई कम की जा सकती थी। उधर फिल्म के गाने कुछ लोगों के लिए इसे देखने का मजा किरकिरा कर सकते हैं, क्योंकि इसमें चमकीला के ठेठ पंजाबी गानों का इस्तेमाल किया गया है यानी जिसे पंजाबी नहीं आती, वो इस फिल्म का पूरा रस लेने से वंचित रह जाएगा।

# 'लव सेक्स और धोखा 2' का ट्रेलर जारी

पिछले कई दिनों से फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' की दूसरी किस्त 'लव सेक्स और धोखा 2' सुर्खियों में है। आए दिन इससे जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। पिछले दिनों ऐलान हुआ कि फिल्म के जरिए एक ट्रांसजेंडर को बॉलीवुड में ब्रेक दिया जा रहा है, वहीं फिल्म में जहां परितोष तिवारी की एंट्री हुई तो उधर इसका गाना 'गुलाबी अंखियां' भी काफी चर्चा में रहा। अब 'LSD 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।




## नए जमाने के रिश्तों की उलझनों को समझाती फिल्म

फिल्म में डिजिटल यानी इंटरनेट के दौर का प्यार देखने को मिल रहा है। नए जमाने की इस लव स्टोरी में बोल्ड सीन भी हैं, जिसे लेकर कुछ लोग निर्माता एकता कपूर को ट्रोल भी कर रहे हैं। 'लव सेक्स और धोखा' की तरह दूसरे भाग में भी अलग-अलग शहरों की कहानी देखने को मिल रही है। आज के दौर में प्यार के छिपे हुए पहलुओं पर प्रकाश डालती यह फिल्म रिश्तों की उलझनों को समझाती है।

## 19 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी फिल्म

फिल्म के निर्देशक दिबाकर बनर्जी हैं, वहीं एकता ने इसे अपनी मां शोभा कपूर के साथ मिलकर बनाया है। दूसरे भाग में प्यार के बारे में और भी दिलचस्प कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी। यह लोगों को कैमरे के युग के प्यार को करीब से झांकने का मौका देगी। ट्रांसजेंडर बोनिता राज पुरोहित इसमें दमदार भूमिका में हैं, वहीं फिल्म में मौनी रॉय और उर्फी जावेद भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में आएगी।

# रोहित की 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख टली

अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।



## दिवाली, 2024 में रिलीज होगी फिल्म

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

सूत्र ने कहा, ‘रोहित शेट्टी और 'सिंघम अगेन' टीम ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शिक्षक जनजागृति पैदा करें: सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे









## निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन संघ की बैठक संपन्न




**दोपहर संवाददाता | कल्याण**

सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने डोम्बिवली में शुक्रवार को कहा कि शिक्षक ही किसी राष्ट्र का निर्माण करते हैं। मैं समझता हूं कि प्राइवेट अनएडेड स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन (पुस्मा) का स्पेशल चाइल्ड को समझने के लिए आयोजित किया गया यह कार्यक्रम संगठन की समाज और राष्ट्र के लिए प्रतिबद्धता दर्शाता है। उन्होंने पुस्मा की प्रेसीडेंट अर्चना रोड्रिग्स शिंदे के काम की सराहना करते हुए कहा कि पुस्मा बेहतरीन कार्य कर रहा है। उन्होंने अपील की कि शिक्षक अपने शहर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक जनजागृति पैदा करें।



### गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन संघ की बैठक संपन्न

गौरतलब है कि मुंबई, ठाणे, रायगढ़ जिले के गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन संघ की बैठक शुक्रवार को डोंबिवली में संपन्न हुई। इस अवसर पर कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कहा कि वे शिक्षकों और गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन की समस्याओं पर काम कर रहे हैं और उन्हें जल्द ही हल किया जाएगा।

### हर बच्चे पर हो टीचर की पैनी नजर : अर्चना रोड्रिग्स-शिंदे

पुस्मा की अध्यक्ष अर्चना रोड्रिग्स शिंदे ने अपने 2 घंटे के सेशन में स्पेशल चाइल्ड को कैसे ट्रीट करें यह विस्तार से बताया। उन्होंने हॉल में मौजूद 700 से ज्यादा टीचर्स से स्पेशल चाइल्ड को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने कहा यह सेमिनार इसलिए है कि टीचर्स के सामने स्कूली बच्चों के साथ कैसी दिक्कतें सामने आतीं हैं। उन्होंने बताया कि हर बच्चा अलग है, कोई किसी में अच्छा है तो कोई किसी में, हमें हर बच्चे पर पैनी नजर रखनी है।

### श्रीकांत ने बदला कल्याण-डोंबिवली-अंबरनाथ का इंफ्रास्ट्रक्चर : मलिक

आर्या ग्लोबल गुप्स ऑफ स्कूल के चेयरमैन भारत मलिक ने कहा कि सांसद श्रीकांत शिंदे ने कल्याण-डोंबिवली-अंबरनाथ का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतरीन बना दिया है। कल्याण के विविध क्षेत्रों के लोगों को हर संभव सहायता दी है। उन्होंने बताया कि छोटी सी उम्र में सांसद बनने वाले डॉ. श्रीकांत शिंदे अब 10 वर्ष के अनुभव के बाद परिपक्व राजनेता हैं। इनकी संवेदनशीलता कल्याण को बेहतरीन दिशा में ले आयी है। मालिक ने कोविड काल में शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कोंकण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे, पुस्मा के अध्यक्ष अर्चना रोड्रिग्स शिंदे, सचिव डोमिनिक पॉल, उपाध्यक्ष साकेत तिवारी,सदस्य डॉ.अशोक साल्वे, सदस्य अजीत बालन और विक्रांत शिंदे और पुस्मा के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम बिग हार्ट टू शेप लिटिल माइंड थीम पर आयोजित किया गया था और पुस्मा की अध्यक्षा अर्चना रोड्रिग्स शिंदे ने शिक्षकों को प्रशिक्षित और मार्गदर्शन किया। इस बार बड़ी संख्या में शिक्षक और प्राचार्य मौजूद थे। इस बार शिक्षक ने अपनी शंकाओं का समाधान किया और व्यापक रूप से संवाद किया।









**न्यूज़ ब्रीफ**

### घरेलू हवाई यात्री 15.4 करोड़ तक पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15 I4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपए के बीच रहने की संभावना है।

### जम्मू-कश्मीर को फिर मिलेगा राज्य का दर्जा : PM मोदी

**उधमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर उधमपुर रैली में जम्मू कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की बात कही है। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि आप अपने सपने साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के चप्पे-चप्पे पर एक ही गूंज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। साथ ही पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर 10 साल के अंदर पूरी तरह से बदल चुका है। पीएम मोदी ने उधमपुर में कहा, जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे, वह समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे। इसे वापस राज्य का दर्जा मिलेगा।

# CBI को के.कविता की 15 अप्रैल तक मिली रिमांड

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व CM केसीआर की बेटी के. कविता को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 अप्रैल तक CBI की कस्टडी में भेजा है। CBI ने कविता से पूछताछ करने के लिए 5 दिन की रिमांड मांगी थी। CBI का कहना है कि शराब नीति से जुड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए कविता का सबूतों से सामना कराने की जरूरत है। उन्होंने AAP को रिश्वत के भुगतान के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उधर, के कविता के वकील ने CBI के इस एक्शन को अवैध बताया है। उन्होंने जांच एजेंसी पर मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कविता मनी लॉन्ड्रिंग केस में 26 मार्च से न्यायिक हिरासत में थीं। एजेंसी ने गुरुवार को के. कविता को तिहाड़ जेल में गिरफ्तार किया था। रिमांड मिलने पर कविता को CBI हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा, जहां उनसे पूछताछ होगी। इससे पहले CBI ने 6 अप्रैल को तिहाड़ में कविता से पूछताछ की थी। CBI ने कविता को IPC की धारा 120-बी, धारा 477-ए और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7 (सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत देने से संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया है।



### ED ने 230 I6 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पश्चिम बंगाल टीचर भर्ती घोटाले की जांच के तहत 230 I6 करोड़ की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। कोलकाता जोनल टीम ने प्रसन्न कुमार रॉय और शांति प्रसाद सिन्हा की संपत्तियों को कुर्क किया। प्रसन्ना कुमार रॉय के नाम पर भूमि पार्सल में पाथरघाटा में लगभग 96 कोट्टा (बंगाल में भूमि का एक माप), सुल्तानपुर में 117 कोट्टा, महेशतला में 282 कोट्टा और कोलकाता के न्यू टाउन में 136 कोट्टा शामिल हैं। शांति प्रसाद सिन्हा के नाम पर कुर्क की गई संपत्तियों में बंगाल अंबुजा हाउसिंग, पूर्व जादवपुर, कोलकाता में स्थित एक बेनामी फ्लैट और कपाशती में स्थित दो भूमि पार्सल शामिल हैं। ये दोनों पहले से हिरासत में हैं।

# मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए नई याचिका दायर की

**कोर्ट ने CBI-ED से जवाब मांगा**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए नई याचिका दायर की है। याचिका में इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने का हवाला दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मनीष की याचिका पर सुनवाई करते हुए CBI और ED को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ED ने 9 मार्च 2023 को CBI की FIR से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। सिसोदिया जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिका लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी याचिका खारिज हो गई।



# मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा

**अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल**

**इंफाल।** मणिपुर में एक बार फिर से गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि यह गोलीबारी थौबल जिले के हिरोक गांव के पास शुक्रवार को सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच हुई है।

उन्होंने आगे बताया कि गोलीबारी पहले अज्ञात बंदूकधारियों ने की, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों को जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, दोनों के बीच गोलीबारी एक घंटे तक जारी रही। हालांकि, इसके बाद भी इलाके में छिटपुट गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में निंगथौजम जेम्स सिंह नाम का एक व्यक्ति की गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल को इंफाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी इलाज की जा रही है।



# भारतीय वायु सेना बनी देवदूत

**घायल जवान का हाथ बचाने के लिए चलाया एयरलिफ्ट ऑपरेशन**

**नई दिल्ली।** एक भारतीय सेना के जवान ने मशीन चलाते समय अपना हाथ गंवा दिया। जवान के साथ यह हादसा लद्दाख में एक फॉरवर्ड यूनिट स्थान पर मशीनरी का संचालन करते समय हुआ। इस हादसे के बाद भारतीय वायु सेना देवदूत बनकर सामने आई और समय रहते हुए जवान को एयरलिफ्ट ऑपरेशन कर बचा लिया। एयरलिफ्ट ऑपरेशन कर घायल जवान की राष्ट्रीय राजधानी में चिकित्सा कर्मियों की एक टीम द्वारा सफल सर्जरी की गई है। अब जवान का हाथ ठीक है और स्वस्थ हो रहा है। वायुसेना ने इस हादसे की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दी। वायुसेना ने कहा, ₹एक भारतीय सेना के जवान ने फॉरवर्ड यूनिट क्षेत्र में स्थित एक इकाई में मशीन चलाते समय अपना हाथ काट लिया। उसके उपांग को बचाने के लिए आपातकालीन सर्जरी के लिए 6 से 8 घंटे का समय दिया गया था। IAF C-130J विमान को एक घंटे के भीतर भेजा गया और जवान को सर्जरी के लिए दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में ले भर्ती कराया गया। पोस्ट में आगे लिखा है, भारतीय वायुसेना द्वारा लद्दाख सेक्टर से एनवीजी पर अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल कर्मियों को तुरंत चिकित्सा सहायता मिली।



### ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता की याचिका पर विचार करने से कोर्ट का इनकार

**इंफाल।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता की एक याचिका पर विचार करने से मना कर दिया है, जो मणिपुर हिंसा से जुड़ी हुई थी। याचिका में कार्यकर्ता ने मांग की थी कि अदालत हिंसा के विरोध में आमरण अनशन करने पर उसके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को रद्द करने का निर्देश दे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ- न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कार्यकर्ता मालेम थोंगम से कहा कि आप चाहें तो मणिपुर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती हैं, आप इसके लिए स्वतंत्र हैं।

# वायुसेना को देना होगा 1.54 करोड़ रुपए का मुआवजा: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी | कश्मीर**

जम्मू कश्मीर के सांबा में साल 2002 में एक सैन्य अस्पताल में संक्रमित रक्त चढ़ाने के कारण एक बुजुर्ग को एचआईवी हो गया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को एचआईवी से पीड़ित बुजुर्ग को मुआजवे के तौर पर लगभग 1.54 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया था। हलांकि, अदालत ने इस मामले पर अपने फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस दिपांकर दत्ता और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि पिछले साल सितंबर के फैसले में ऐसी कोई गलती नहीं है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए।



सुप्रीम कोर्ट ने अपने सितंबर के फैसले में कहा कि अपीलकर्ता मुआवजे का हकदार है। इसी के साथ चिकित्सा लापरवाही के कारण मुआवजे के तौर पर 1,54,73,000 रुपये देने को कहा गया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में किसी पर व्यक्तिगत तौर पर दायित्व नहीं सौंपा जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने की याचिका खारिज :** पीठ ने तीन अप्रैल को जारी अपने आदेश में कहा, हमने 26 सितंबर 2023 के फैसले और आदेश की समीक्षा याचिका का अध्ययन किया। इसमें कोई ऐसी गलती नहीं है, जिसपर हमें पुनर्विचार करना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा, समीक्षा याचिका में जिस राहत की मांग की गई है उस मांग के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं दिया गया है। इसलिए यह याचिका खारिज कर दी गई है। 13 दिसंबर 2001 में भारतीय संसद भवन पर आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम के दौरान कॉम्बटेंट रैंक पर कार्यरत व्यक्ति के बीमार होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें एक यूनिट रक्त चढ़ाना पड़ा था।

**अजब गजब** | शौहर के इंतजार में थाने पहुंचीं दो बीवियां

# तीसरी के पास आराम फरमाते मिले मौलाना


**एजेंसी | लखनऊ**

लखनऊ में एक हैरान कर देने वाला सामने आया है। यहां मौलाना के इंतजार में एक नहीं बल्कि दो-दो बीवियां थाने पहुंच गईं। मौलाना जब घर नहीं पहुंचे उनकी खोजबीन में दोनों बीवियों ने पुलिस को सहारा लिया।

शौहर की खोजबीन के लिए दोनों बीवियों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई। इसके बाद पुलिस ने अपनी छानबीन शुरू की। छानबीन के दौरान मौलाना जहां मिले उसे देखकर पुलिस भी हैरान रह गई।

दरअसल मौलाना की जब खोजबीन शुरू हुई तो उसकी लोकेशन दूसरे शहर में मिली। पुलिस जब वहां पहुंची तो मौलाना अपनी तीसरी बीवी के साथ आराम फरमाते मिले। इसके बाद पुलिस ने मौलाना को पकड़कर उसकी पहली पत्नी के हवाले कर दिया। ये मामला पूरे क्षेत्र में अब चर्चा का विषय बना हुआ है।





**क्या है मामला ?** मामला सआदतगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी को मौलाना मंजर अली अचानक से अपने घर से कहीं गायब हो गए थे। उसकी पहली बीवी काफी देर तक इंतजार करती रही लेकिन मौलाना घर वापस नहीं पहुंचे। इसके बाद मौलाना की खोजबीन शुरू की गई लेकिन फिर कुछपता नहीं चला। फिर मौलाना की पहली बीवी सीधे सआदतगंज थाने पहुंची और अपने शौहर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी दौरान एक और महिला उसी थाने में पहुंच गई। जैसे ही महिला ने मंजर अली का नाम लिया तो वहां खड़ी मंजर अली की पहली पत्नी सन्न रह गई। दूसरी महिला ने भी मंजरी अली को अपना शौहर बताया और गुमशुदगी दर्ज कराई। पूछताछ में पता चला है कि दोनो महिलाएं मंजर अली की बीवी हैं। पुलिस ने मौलाना की खोजबीन के लिए टीम बनाई। दोनों महिलाओं ने पुलिस को मौलाना क नंबर दिया। पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर डालकर उसकी लोकेशन ट्रेस की थी तो मोबाइल गोंडा जिले में पाया गया। पुलिस लोकेशन पर पहुंची तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई। मौलाना दोनों बीवियों को छोड़कर अपनी तीसरी बीवी के साथ रह रहे थे। इसके बाद पुलिस ने मौलाना को पकड़ा और लखनऊ ले आई। पुलिस ने पहली पत्नी को बुलाकर मौलाना को उनके हवाले कर दिया।